E PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 | अंक: 36 | पृष्ठ: 8 | अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | जयपुर, बुधवार 19 अगस्त, 2026 | मूल्य: ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

## अमेरिका में सौ से ज्यादा इंडस्ट्री लीडर्स से गुजरात सीएम की मुलाकात

गांधीनगर। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मंगलवार को अमेरिका में सेमीकंडक्टर और टेक्नोलॉजी सेक्टर के 100 से ज्यादा लीडर्स के साथ कई राउंड-टेबल और वन-टू-वन मीटिंग की। उन्होंने राज्य को सिर्फ निवेश की जगह के तौर पर नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और सप्लाई-चेन डेवलपमेंट के लिए एक लंबे समय के रणनीतिक साझेदार के तौर पर पेश किया। अमेरिका यात्रा के दूसरे दिन, मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडटेक, हेल्थटेक, गेमिंग और डीपटेक के लीडर्स के साथ बातचीत की। इस बातचीत में अमेरिकी कंपनियों और राज्य के बीच निवेश, रिसर्च, स्किलिंग और बिजनेस सहयोग के मौकों पर चर्चा हुई। पटेल ने कंपनियों को अगले साल जनवरी में होने वाले 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2027' में शामिल होने और बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) और बिजनेस-टू-गवर्नमेंट (बी2जी) मीटिंग्स के जरिए संभावित पार्टनरशिप की संभावनाओं को तलाशने के लिए आमंत्रित किया। गुजरात खुद को एक प्रमुख सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग डेस्टिनेशन के तौर पर स्थापित कर रहा है।

# दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन समेत छह गिरफ्तार, एसटीपी टेंडर घोटाले में एसीबी की बड़ी कार्रवाई



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) टेंडर में बड़े घोटाले के आरोप में 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में जीएनसीटीडी के पूर्व जल मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन, डीजेबी के पूर्व सीईओ आईएएस उदित प्रकाश राय, डीजेबी के पूर्व कॉन्ट्रैक्टुअल कंसल्टेंट अंकित श्रीवास्तव और तीन प्राइवेट कंपनियों के मालिक शामिल हैं। यह कार्रवाई एसीबी ने एफआईआर नंबर 10/2024 के तहत की। यह मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7/7ए/9/13 और आईपीसी की धारा 420/409/418/120-बी के तहत दर्ज है। यह शिकायत जीएनसीटीडी के सतर्कता निदेशालय की ओर से मिली थी। आरोप है कि डीजेबी के एसटीपी प्लांट्स को अपग्रेड करने के टेंडर में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की गईं। जांच में सामने आया कि टेंडर की तकनीकी शर्तों को इस तरह बनाया गया कि वह एक खास टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर मेसर्स यूरोटेक एनवायरनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में चली जाएं। अधिकारियों के अनुसार, टेंडर में प्रस्तावित पायलट स्टडी नहीं कराई गई। इस्तेमाल होने वाली तकनीक और मीडिया से जुड़ी सीमित करने वाली शर्तें जोड़ी गईं। ट्रीटेड पानी के जरूरी पैरामीटर्स को हटा दिया गया। इन बदलावों की वजह से सरकारी खजाने पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ा और प्रतिस्पर्धा सीमित हो गई। इलेक्ट्रॉनिक सबूतों से पता चला है कि टेंडर की शर्तें, शुद्धिपत्र और अन्य दस्तावेज प्राइवेट लोगों और सरकारी अधिकारियों के बीच पहले से साझा किए गए थे। इन्हीं दस्तावेजों को बाद में डीजेबी के टेंडर नोटिस में शामिल किया गया। इससे साफ है कि टेंडर को प्रभावित करने के लिए मिलीभगत की गई। एसीबी की फाइनेंशियल जांच में मनी ट्रेल भी सामने आई है। जांच के मुताबिक मेसर्स सृजनहार और मेसर्स एएन एंटरप्राइजेज को मिडिल कंपनियों के रूप में इस्तेमाल कर कमीशन और रिश्वत का लेन-देन हुआ। आरोप है कि टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर मेसर्स यूरोटेक से पैसा पहले मेसर्स एएन एंटरप्राइजेज में आया। इसके बाद आरोपी नागेंद्र यादव की प्रोपराइटरशिप फर्म से डीजेबी के तत्कालीन सीईओ उदित प्रकाश राय और उनके रिश्तेदारों के बैंक खातों में 1.52 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। जांच एजेंसी का कहना है कि इस रकम का इस्तेमाल अचल संपत्ति खरीदने में किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि राजा कुमार कुर्रा, नागेंद्र यादव और अंकित श्रीवास्तव के बीच एसटीपी टेंडर, टेंडर की शर्तों और शुद्धिपत्र को लेकर लगातार बातचीत हुई। इन्हीं बातचीत के बाद टेंडर में ऐसी शर्तें जोड़ी गईं, जिनसे मेसर्स यूरोटेक को सीधा लाभ मिला। एसीबी ने मंगलवार को छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें जीएनसीटीडी के पूर्व जल मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन, डीजेबी के पूर्व सीईओ उदित प्रकाश राय; डीजेबी के पूर्व कॉन्ट्रैक्टुअल कंसल्टेंट अंकित श्रीवास्तव; मेसर्स एएन एंटरप्राइजेज के मालिक नागेंद्र यादव; मेसर्स यूरोटेक एनवायरनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के मालिक राजा कुमार कुर्रा और मेसर्स सृजनहार के मालिक पंकज वर्मा शामिल हैं।

## राजस्थान के सीएम ऑफिस को बम से उड़ाने की मिली धमकी, पुलिस महकमे में मचा हड़कंप



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यालय को बम से उड़ाने के धमकी मिली है। इसके बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया और परिसर के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर दिए गए। बताया जा रहा है कि फोन ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। कार्यालय को चारों-तरफ से सुरक्षा जवानों ने घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू किया।इस तलाशी अभियान में मुख्यमंत्री कार्यालय और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। इसके साथ ही पुलिस टीमों ने करीब साढ़े 4 घंटे तक पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया। जिसमें बम निरोधक दस्ते और अन्य सुरक्षा टीमों के जवान शामिल थे, जिन्होंने संदिग्ध वस्तुओं की जांच की। इस दौरान जवानों ने उन सभी पहलुओं पर ध्यान दिया, जिससे खतरा हो सकता था। हालांकि, अब पुलिस बम से उड़ाने की धमकी देने वाले शख्स की पहचान करने में जुट गई है। यह पहली राज्य के मुख्यमंत्री कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी नहीं है। इससे पहले भी जयपुर के प्रमुख स्थानों और सीएम ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी है। जुलाई, 2025 में मुख्यमंत्री कार्यालय और जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे दोनों के कथित तौर पर ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी। इसके बाद बम निरोधक दल समेत सुरक्षा एजेंसियों ने इन स्थानों पर संघन तलाशी अभियान चलाया था, लेकिन इस दौरान कोई भी विस्फोटक नहीं मिला था।

## UAE में मिसाइल अलर्ट से मचा हड़कंप, ईरान पर दो बैलिस्टिक मिसाइल दागने का आरोप



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर एक बार फिर संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में देखने को मिला। UAE के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि देश की ओर बढ़ रहे मिसाइल खतरे का पता एयर डिफेंस सिस्टम ने लगाया। इसके बाद दुबई के लोगों के मोबाइल फोन पर पहली बार मिसाइल को लेकर इमरजेंसी अलर्ट भेजा गया।इस दौरान लोगों से अपील की गई कि वे घबराएं नहीं और सरकार की ओर से जारी निर्देशों का पालन करें। इस दौरान आसमान में तेज आवाजें भी सुनाई दीं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, ये आवाजें एयर डिफेंस सिस्टम की कार्रवाई के कारण आईं। सिस्टम ने हवा में ही मिसाइलों को रोकने की कोशिश की। UAE सरकार ने कहा कि वह देश की सुरक्षा और अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। कुछ समय बाद दूसरा अलर्ट जारी किया गया, जिसमें बताया गया कि मिसाइल का खतरा अब खत्म हो गया है और स्थिति सामान्य है।UAE के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, ईरान की ओर से दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं। मंत्रालय ने बताया कि इनमें से एक मिसाइल UAE की समुद्री सीमा से बाहर जाकर गिरी, जबकि दूसरी देश की सीमा के अंदर गिरी। हालांकि, अधिकारियों ने लोगों को भरोसा दिलाया कि स्थिति नियंत्रण में है और सुरक्षा एजेंसियां लगातार हालात पर नजर रख रही हैं।

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच फिलहाल कोई बातचीत नहीं हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत की कोई योजना भी नहीं है। ट्रंप ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने दावा किया कि यह समुद्री रास्ता जहाजों के लिए खुला है और पानी में बिछाई गई माइंस को हटा दिया गया है।

## निकाय चुनाव में टिकट चाहिए तो QR कोड स्कैन करें, कांग्रेस ने शुरू की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया



जयपुर। राजस्थान में आगामी निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस ने टिकट वितरण प्रक्रिया में बदलाव करते हुए ऑनलाइन आवेदन व्यवस्था शुरू की है। अब चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं और कार्यकर्ताओं को टिकट के लिए ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। पार्टी ने इस बार टिकट चयन प्रक्रिया में सोशल मीडिया को भी शामिल किया है। दावेदारों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट, सक्रियता और फॉलोअर्स से संबंधित जानकारी भी आवेदन में देनी होगी। राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मंगलवार को टिकट दावेदारी के लिए QR कोड जारी किया। QR कोड स्कैन करते ही ऑनलाइन आवेदन पोर्टल खुल जाएगा, जहां इच्छुक दावेदार निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना आवेदन जमा कर सकेंगे। पार्टी का कहना है कि इस व्यवस्था से टिकट वितरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाया जा सकेगा। ऑनलाइन आवेदन में दावेदारों को छह चरणों में विभिन्न जानकारियां उपलब्ध करानी होंगी। इसमें संबंधित स्थानीय निकाय का नाम, वार्ड संख्या, व्यक्तिगत विवरण और राजनीतिक पृष्ठभूमि के साथ सामाजिक गतिविधियों, जनसंपर्क, संगठनात्मक अनुभव तथा संबंधित वार्ड की प्रोफाइल से जुड़ी जानकारी शामिल होगी। कांग्रेस ने सोशल मीडिया की सक्रियता को भी टिकट चयन प्रक्रिया में महत्व दिया है। दावेदारों से उनके सोशल मीडिया अकाउंट और वहां की सक्रियता से संबंधित जानकारी मांगी जाएगी। पार्टी का मानना है कि इससे स्थानीय स्तर पर सक्रिय रहने वाले और जनता के बीच मजबूत जनाधार रखने वाले कार्यकर्ताओं की पहचान करने में मदद मिलेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया लागू करने से सभी दावेदारों का मूल्यांकन समान मापदंडों के आधार पर किया जा सकेगा। कांग्रेस ने इसे संगठन में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। नई व्यवस्था के तहत टिकट के इच्छुक नेताओं को पारंपरिक सिफारिशों के बजाय निर्धारित ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से अपनी दावेदारी प्रस्तुत करनी होगी। राजस्थान में आगामी निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस ने टिकट वितरण प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब टिकट के दावेदारों को पारंपरिक सिफारिशों के बजाय ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। पार्टी ने पहली बार टिकट चयन प्रक्रिया में सोशल मीडिया सक्रियता को भी शामिल किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मंगलवार को टिकट दावेदारी के लिए QR कोड जारी किया। इसे स्कैन करते ही ऑनलाइन आवेदन पोर्टल खुलेगा, जहां इच्छुक नेता और कार्यकर्ता निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपनी दावेदारी पेश कर सकेंगे।

### केजरीवाल ने बीजेपी पर साधा निशाना, दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने किया पलटवार

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई एंटी करप्शन ब्रांच (ACB) ने मंगलवार (18 अगस्त) को की है।

एसीबी ने आप सरकार में दिल्ली जल बोर्ड में कथित भ्रष्टाचार के आरोप में की है। इस कार्रवाई पर आप राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भाजपा पर भड़क गए हैं।

अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि सत्येंद्र जैन को एक बार फिर भाजपा ने गिरफ्तार करवा दिया है।

उन्होंने आगे कहा कि अभी कुछ ही समय पर इन लोगों ने उन्हें जेल में डाल दिया था और उनकी बुरी दुर्दशा की गई थी, जो सभी को याद है।

उन्होंने यह भी कहा कि पिछला केस भी फर्जी था और ये वाला भी वैसा ही रहेगा।

आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा दी गई प्रतिक्रिया का दिल्ली भाजपा प्रमुख हर्ष मल्होत्रा ने पलटवार किया है।

ACB जांच में पूरी Money Trail पकड़ी गई है।

## जेएसएससी-सीजीएल रद्द करने के विरोध में चयनित अभ्यर्थी सड़क पर उतरे

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा रद्द किए जाने के राज्य सरकार के फैसले के विरोध में मंगलवार को चयनित अभ्यर्थी सड़क पर उतर आए। बड़ी संख्या में सफल और नवनियुक्त अभ्यर्थियों ने प्रोजेक्ट भवन से बिरसा चौक तक विरोध मार्च निकाला और सरकार के फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि उन्होंने वर्षों की मेहनत और अपनी योग्यता के आधार पर परीक्षा पास की है। पूरी परीक्षा और उससे जुड़ी नियुक्तियों को रद्द करने का फैसला उन अभ्यर्थियों के साथ अन्याय है, जिन्होंने निष्पक्ष तरीके से परीक्षा में सफलता हासिल की। अभ्यर्थियों ने कहा कि परीक्षा रद्द होने से उन लोगों का भविष्य प्रभावित होगा, जिन्होंने चयन के बाद सरकारी सेवा में योगदान भी दे दिया है।

## ISI समर्थित भट्टी मॉड्यूल पूरी तरह ध्वस्त, 14 राज्यों में अभियान के बाद 200 से ज्यादा संदिग्ध गिरफ्तार



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को घोषणा की कि भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस से पहले सुरक्षा एजेंसियों ने शहजाद भट्टी मॉड्यूल को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। उन्होंने बताया कि 14 राज्यों में चलाए गए समन्वित अभियानों के जरिए इस नेटवर्क के 200 से ज्यादा सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में शामिल अधिकारियों ने कहा कि भट्टी मॉड्यूल उनके सामने आए सबसे मुश्किल मॉड्यूलों में से एक था। जिस आसानी से वह भारतीय युवाओं की भर्ती कर रहा था, वह चिंताजनक था। अधिकारी ने बताया कि इस मॉड्यूल को खत्म करना इसलिए मुश्किल था क्योंकि यह बहुत जटिल था। भट्टी युवाओं को अपनी बातों में फंसाने में कामयाब रहा और बहुत कम पैसे देकर अपने साथ जोड़ लेता था। आईएसआई द्वारा भारत में एक बड़ा मॉड्यूल चलाने के लिए चुने जाने से पहले भट्टी एक इन्फ्लुएंसर था। वह युवाओं को आसानी से अपने साथ जुड़ने के लिए मना लेता था। इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी ने कहा, 'भट्टी की खासियत सोशल मीडिया पर युवाओं की पहचान करना थी। युवा सिर्फ पैसे के लालच में उसके साथ नहीं जुड़ते थे। वह और उसके साथी सोशल मीडिया पर उनसे लंबी बातचीत करते थे और उनकी सोच को समझते थे। वह उनकी समस्याओं, असुरक्षाओं और आर्थिक स्थिति जैसी चीजों को जल्दी ही भांप लेता था।' अधिकारी ने कहा कि असल में, वह संभावित रंगरूटों के मन की गहराई तक जाता था। इसी तरह उन्हें अपने साथ जोड़ने से पहले उनकी भावनाओं को समझता था। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि भट्टी मॉड्यूल के बारे में एक और चिंताजनक बात इसकी तेजी से बढ़ने की रफ्तार थी। बहुत कम समय में ही भर्तियां कर ली गईं और काम सौंप दिए गए। शुरू में ऐसा लगा कि यह मॉड्यूल सिर्फ निगरानी पर ध्यान दे रहा है। बहुत जल्द एजेंसियों को पता चला कि यह कोई आम निगरानी नहीं थी। भट्टी और उसके साथियों ने महत्वपूर्ण और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर सोलर-पावर्ड सीसीटीवी कैमरे लगा दिए थे। पाकिस्तान में अपने आकाओं को लाइव फीड भेजना शायद अपनी तरह का पहला मामला था। इसके अलावा, भट्टी युवाओं को टारगेटेड किलिंग, आतंकी हमले करने और हथियार व नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए भी भर्ती कर रहा था।

## दूसरी शादी और माता-पिता की अनदेखी पर वेतन कटौती के पक्ष में विहिप



नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अध्यक्ष आलोक कुमार ने मंगलवार को असम सरकार की उस नीति का स्वागत किया, जिसके तहत दो मामलों में सरकारी कर्मचारियों के वेतन पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई गई है। पहला, यदि कोई कर्मचारी अपने वृद्ध माता-पिता की उपेक्षा करता है और दूसरा, यदि कोई व्यक्ति पहली पत्नी को कानूनी रूप से तलाक दिए बिना दूसरी शादी करता है। यह बयान उस समय आया जब मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि असम में यदि कोई सरकारी कर्मचारी अपने माता-पिता की उपेक्षा करता है, तो उसके वेतन का 10 प्रतिशत हिस्सा काटा जा सकता है। आलोक कुमार ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा, 'मैं इन दोनों कदमों का स्वागत करता हूं क्योंकि अपने माता-पिता की देखभाल करना न केवल कानूनी दायित्व है, बल्कि एक नैतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक जिम्मेदारी भी है। अगर कोई इस कर्तव्य को पूरा करने में विफल रहता है, तो समाज को उन्हें दंडित करना चाहिए और सरकार को भी इसे सुनिश्चित करने के लिए उपाय करने चाहिए। संपूर्ण 'वंदे मातरम' भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रेरणा का स्रोत रहा है।'

संपादकीय

# ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने जताया विरोध, तबादला निरस्त नहीं होने पर मेगा हाईवे जाम करने की चेतावनी

एजेंसी, थिंक राजस्थान

सरदारशहर। राणासर जैतासर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हिंदी व्याख्याता भानीराम मेघवाल के तबादले के विरोध में मंगलवार को ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला जड़कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने तबादला आदेश को अनुचित बताते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि सामान्य तौर पर परिवेदना के निस्तारण के दौरान कार्मिक को सुविधाजनक स्थान पर पदस्थापित किया जाता है, लेकिन हिंदी व्याख्याता भानीराम मेघवाल का राणासर जैतासर से सुजानगढ़ तबादला कर दिया गया। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका है। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर मामले में उचित ध्यान नहीं देने का भी आरोप लगाया। ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने स्पष्ट किया कि जब तक हिंदी व्याख्याता का तबादला निरस्त नहीं किया जाता, तब तक स्कूल का ताला नहीं खोला जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते तबादला आदेश निरस्त नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर सरदारशहर-हनुमानगढ़-जयपुर मेगा हाईवे जाम करने की भी चेतावनी दी गई। विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलने पर सरदारशहर सीबीईओ सुभाष सोनगरा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। उन्होंने ग्रामीणों से अपनी मांग लिखित रूप में प्रस्तुत करने को कहा तथा मांग को उच्च अधिकारियों तक भेजकर स्थायी समाधान का प्रयास करने का आश्वासन दिया। हालांकि, ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। उन्होंने कहा कि हिंदी व्याख्याता भानीराम मेघवाल का तबादला आदेश निरस्त होने तक विद्यालय में तालाबंदी जारी रहेगी। इसके बाद ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय में हिंदी व्याख्याता का पद विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिहाज से महत्वपूर्ण है। उनका आरोप है कि शिक्षक के तबादले से पहले विद्यालय की शैक्षणिक जरूरतों और विद्यार्थियों के हितों को पर्याप्त प्राथमिकता नहीं दी गई। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र के विद्यार्थियों को पहले से ही कई तरह की शैक्षणिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और ऐसे में अनुभवी शिक्षक का तबादला उनकी पढ़ाई को प्रभावित कर सकता है। प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों ने भी शिक्षक के तबादले का विरोध किया। विद्यार्थियों का कहना था



कि हिंदी विषय की पढ़ाई नियमित रूप से संचालित हो रही थी, लेकिन व्याख्याता के स्थानांतरण के बाद शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने शिक्षा विभाग से मामले में पुनर्विचार कर तबादला आदेश को वापस लेने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि वे अपनी मांग को लेकर संबंधित अधिकारियों को लिखित ज्ञापन भी देंगे। उनका कहना है कि यदि उच्च अधिकारियों की ओर से जल्द कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो ग्रामीणों और विद्यार्थियों का आंदोलन जारी रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर क्षेत्र के अन्य ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को भी आंदोलन से जोड़ने की बात कही गई। वहीं, सीबीईओ सुभाष सोनगरा ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांग को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक विकल्पों पर भी विचार किया जाएगा। हालांकि, ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि किसी वैकल्पिक व्यवस्था के बजाय हिंदी व्याख्याता भानीराम मेघवाल का तबादला निरस्त करने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मामले का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को स्थानीय स्तर से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और सरदारशहर-हनुमानगढ़-जयपुर मेगा हाईवे पर भी आंदोलन किया जा सकता है। फिलहाल विद्यालय के मुख्य द्वार पर तालाबंदी के चलते सभी की नजर शिक्षा विभाग के आगामी निर्णय पर टिकी हुई है। ऐसे में किसी अनुभवी शिक्षक का तबादला किए जाने से विद्यार्थियों को विषयवार पढ़ाई में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## आजादी के बाद पहली बार अजमेर के जेएलएन को 190 करोड़ रूपए का बजट



जयपुर, थिंक राजस्थान

जयपुर। आजादी के बाद पहली बार अजमेर के जेएलएन अस्पताल का बड़ा कायापलट होने जा रहा है। यहां 190 करोड़ की लागत से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनेगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि काम जल्द शुरू करें।इसे बनाने का जिम्मा एम्स जैसे अस्पताल बनाने वाली एचएलएल कंपनी को दिया गया है। जेएलएन अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक 190 करोड़ रूपए के निर्माण कार्य का वर्चुअल शिलान्यास गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने किया था। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने टीबी अस्पताल परिसर में इस प्रस्तावित सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक का निरीक्षण मंगलवार को किया। उन्होंने अधिकारियों से परियोजना की प्रगति, निर्माण की तैयारियों एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली और निर्देश दिए कि आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ कराया जाए। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि यह मेरे पिछले 10 वर्षों का सपना था जो अब जाकर साकार हो रहा है। जब राजस्थान के अन्य संभागों में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक बनने शुरू हुए तो मैने केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के माध्यम से लगातार कोशिश की।

## CAMPA की 11वीं स्टियरिंग कमिटी की बैठक

जयपुर, थिंक राजस्थान

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में CAMPA (क्षतिपूर्ति वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण) की 11वीं स्टीयरिंग कमेटी की बैठक मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2026–27 के लिए अतिरिक्त वार्षिक कार्ययोजना (Supplementary Annual Plan of Operations, APO) पर विचार किया गया। समिति ने लंबित देयताओं, शेष चल रहे कार्यों (spillover works) और अन्य आवश्यक गतिविधियों से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा की। इस दौरान प्रस्तावित गतिविधियों और उनकी वित्तीय आवश्यकताओं की विस्तृत समीक्षा की गई। विचार-विमर्श के पश्चात् समिति ने आगे की आवश्यक कार्रवाई और नेशनल CAMPA को प्रस्तुतीकरण हेतु 2026–27 की अतिरिक्त APO की अनुशंसा की गई। उन्होंने धनराशि के प्रभावी एवं पारदर्शी उपयोग के निर्देश दिए।

## तीन स्कूलों में विधिक जागरूकता शिविर, 600 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित

एजेंसी, थिंक राजस्थान

सरदारशहर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू के निर्देश में तालुका विधिक सेवा समिति सरदारशहर की ओर से मंगलवार को 'ट्रांसफॉर्मिंग ट्यूजडे' अभियान के तहत तीन विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए।

श्री भारतीय आदर्श विद्या पीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय, जीडी मित्तल गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल और जनहित पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रमों में 600 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविरों में विद्यार्थियों को 'शोषण के खिलाफ आवाज उठाओ-स्वयं अपने रक्षक बनें' तथा 'अच्छा स्पर्श, बुरा स्पर्श-फर्क समझो, सुरक्षित रहो' विषयों पर जागरूक किया गया।

बाल अधिकार, व्यक्तिगत सुरक्षा, अच्छे-बुरे स्पर्श की पहचान तथा किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में अभिभावकों, शिक्षकों या संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचना देने की जानकारी दी गई। साथ ही NALSA एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया गया।



## पीएम मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मूलमंत्र के साथ काम कर रही डबल इंजन सरकार

जयपुर, थिंक राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मूलमंत्र के साथ ही डबल इंजन सरकार ग्रीन और क्लीन एनर्जी की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ा रही है। इसी क्रम में जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में लगभग 3 हजार 500 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास करने के साथ 71 पीएम ई-बसों को रवाना किया गया है। ये विकास कार्य एवं परियोजनाएं विकसित राजस्थान-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को एचसीएम रीपा में प्रदेशवासियों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और प्रदूषण मुक्त भविष्य की मजबूत नींव बन चुकी है। चार्जिंग नेटवर्क के विस्तार, ऑटो इंडस्ट्री के लिए पीएलआई स्कीम और पीएम ई-ड्राइव जैसी पहल से ईवी इकोसिस्टम सुदृढ़ हो रहा है।

## स्वर्णकार समाज की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय, प्रतिभा सम्मान के लिए 80 प्रतिशत अंक अनिवार्य

एजेंसी, थिंक राजस्थान

सरदारशहर। स्वर्णकार समाज संस्था की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक में समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए न्यूनतम 80 प्रतिशत अंक अनिवार्य रखने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह की ट्रॉफियों के सहयोगी चम्पालाल झीगा होंगे, जबकि नाश्ते की व्यवस्था रामलाल कड़ेल एवं हनुमानमल मौसूण की ओर से की जाएगी। बैठक में विवाह समारोह के दौरान संस्था की ओर से दिए जाने वाले बधाई पत्रों को बड़े आकार में देने का सुझाव चम्पालाल झीगा ने रखा, जिसे सभी सदस्यों ने स्वीकार कर लिया। आगामी समय में विवाह समारोह में बड़े आकार के बधाई पत्र दिए जाएंगे। इसके अलावा विवाह समारोह एवं प्रतिभा सम्मान



समारोह में छपे हुए थैले/बैग भी वितरित किए जाएंगे, जिनका इस वर्ष सहयोग चम्पालाल झीगा की ओर से किया जाएगा। संस्था से जुड़े नए सदस्यों को भी बैठक में सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। वहीं संस्था के कर्मचारी रिगतमल रोड़ा के कार्य को देखते हुए उनके वेतन में 1,000 रुपए प्रतिमाह की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सरदारशहर से बाहर रहने वाले स्वर्णकार समाज के ऐसे बंधुओं, जो सरकारी सेवा में कार्यरत हैं, को प्रतिभा सम्मान समारोह में अतिथि के रूप में आमंत्रित करने पर भी चर्चा की गई। मुक्ति भवन की व्यवस्था की जिम्मेदारी कन्हैयालाल ढल्ला, राकेश छापरवाल, विनोद रोड़ा एवं कनकमल डावर को सौंपी गई। बैठक में स्वर्णकार समाज अध्यक्ष रतनलाल डावर, मंत्री बनवारीलाल भामा, कोषाध्यक्ष राकेश छापरवाल, भंडार मंत्री विनोद रोड़ा, उपाध्यक्ष धर्मचंद जोड़ा, संरक्षक रामलाल कड़ेल, हनुमानमल मौसूण, चम्पालाल झीगा, उपमंत्री मनोज भामा, कार्यकारिणी सदस्य कन्हैयालाल ढल्ला, गोपाल झीगा, कनकमल डावर, पंपू जांगलवा, शेखर ढल्ला सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## राजेंद्र राठौड़ के आवास पर राजपूत समाज का धरना, राजेंद्र गुढ़ा भी पहुंचे

जयपुर, थिंक राजस्थान

जयपुर। बद्री सिंह राजावत के मामले में न्याय की मांग को लेकर सोमवार को राजपूत समाज के 150 से अधिक गणमान्य लोग पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा, भूपेंद्र सिंह मुंडड़ा सहित समाज के प्रमुख लोगों के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ के आवास पर पहुंचे। समाज के प्रतिनिधियों ने धरना देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। समाज के प्रतिनिधियों ने राजेंद्र राठौड़ से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी। प्रतिनिधियों का कहना था कि यदि किसी व्यक्ति के साथ अन्याय हुआ है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। ऐसे में समाज से जुड़े किसी व्यक्ति के साथ कथित अन्याय होने पर समाज अपने राजनीतिक नेतृत्व से न्याय की लड़ाई में साथ खड़े होने की अपेक्षा करता है।

## प्लास्टिक पर प्रहार' मुहिमः अग्रवाल सेवा मंडल ने बांटे 4 हजार कपड़े के थैले

एजेंसी, थिंक राजस्थान

सरदारशहर। अग्रवाल सेवा मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के खात्मे के उद्देश्य से 'प्लास्टिक पर प्रहार' अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत आमजन को जागरूक करते हुए सेवा मंडल की ओर से 4 हजार कपड़े से बने थैलों का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि तहसीलदार मुकुल टाक, किशोरी सर्राफ, महावीर चंगोई, रामावतार भादासरिया एवं भंवर लाल जैसनसरिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अभियान के संयोजक गौरीशंकर कंदोई ने बताया कि मुहिम का उद्देश्य लोगों को पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देना है। मुख्य अतिथि तहसीलदार मुकुल टाक ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक शहर की गंभीर समस्याओं में से एक है। पॉलीथिन के कारण नाले-नालियां जाम होने के साथ ही बेसहारा गोवंश भी



इसे खाकर अकाल मृत्यु का शिकार हो रहा है। उन्होंने आमजन से हर घर में कपड़े के थैले का उपयोग करने और पॉलीथिन को पूरी तरह त्यागने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सेवा मंडल अध्यक्ष पंकज गर्ग, उपाध्यक्ष नवनीत जैसनसरिया, मंत्री विश्वनाथ रातूसरिया, उपमंत्री देवकी नंदन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अंकुर जैसनसरिया, सौरभ जैसनसरिया, पूर्व सभापति राजकुमार चौधरी, विजय कुमार सिंघानिया, गोपाल जालान, राजकुमार कंदोई, सौरभ रातूसरिया, मनोज कंदोई, चंद्र प्रकाश सर्राफ सहित अनेक सदस्य एवं गणमान्यजन मौजूद रहे। अभियान के दौरान सेवा मंडल के सदस्यों ने बाजार में आने-जाने वाले लोगों से संवाद कर उन्हें प्लास्टिक की थैलियों के बजाय कपड़े के थैले इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। लोगों को बताया गया कि प्लास्टिक का कचरा लंबे समय तक नष्ट नहीं होता और इसके कारण मिट्टी, जल स्रोतों तथा आसपास के वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। आयोजकों ने कहा कि कपड़े के थैलों का नियमित इस्तेमाल करने से प्लास्टिक की खपत को कम किया जा सकता है।

## जैतारण में 90 दिव्यांगजनों को मिली मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, आवागमन में होगी सुविधा

जयपुर, थिंक राजस्थान

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से मंगलवार को ब्यावर जिले के जैतारण स्थित मालियों की बगीची में दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण शिविर आयोजित किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में 90 पंजीकृत दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर प्रभारी विशाल सिंह सोलंकी ने बताया कि दिव्यांगजनों की गतिशीलता बढ़ाने और उन्हें अधिक आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लिथियम-आयन बैटरी से संचालित मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध करवाई गई हैं। इन ट्राईसाइकिल के माध्यम से दिव्यांगजन अपने दैनिक कार्यों के साथ बाजार, कार्यालय, प्रशिक्षण संस्थान एवं कार्यस्थल तक अधिक आसानी और स्वतंत्रता से आवागमन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल दिव्यांगजनों के लिए केवल आवागमन का साधन नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से आत्मविश्वास, स्वावलंबन और सामाजिक सहभागिता को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार की ओर से दिव्यांगजनों को सुविधाजनक एवं सम्मानजनक जीवन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से निरंतर सहायता प्रदान की जा रही है। शिविर के दौरान लाभार्थियों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के संचालन एवं रखरखाव से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि बैटरी से संचालित इन ट्राईसाइकिल के माध्यम से दिव्यांगजन लंबी दूरी तक आसानी से आवागमन कर सकेंगे और उन्हें दूसरों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।



## बीकानेर हाउस में दस दिवसीय 'तीजोत्सव-2026' का आयोजन, राजस्थानी संस्कृति की दिखी रंगीन झलक

जयपुर, थिंक राजस्थान

जयपुर। नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में चल रहे दस दिवसीय 'तीजोत्सव-2026' का मंगलवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री एवं अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थानी परिधान भारतीय संस्कृति और परंपरा की समृद्ध विविधता का महत्वपूर्ण प्रतीक हैं। राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों, लोक जीवन, रीति-रिवाजों और कला परंपराओं ने यहां की वेशभूषा को विशिष्ट पहचान दी है। पुरुषों की धोती-कुर्ता, अंगरखा, साफा और पगड़ी तथा महिलाओं की घाघरा-चोली, ओढ़नी और पारंपरिक आभूषण राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाते हैं। प्रमुख आवासीय आयुक्त रोहित कुमार ने केंद्रीय मंत्री का तीजोत्सव में स्वागत किया और उन्हें उत्सव में लगाए गए विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन करवाया। इस अवसर पर चौधरी ने मंच से आगंतुकों को राजस्थानी कला एवं संस्कृति की विशेषताओं से अवगत कराया और तीजोत्सव के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को तीज की शुभकामनाएं दीं। प्रमुख आवासीय आयुक्त ने बताया कि तीजोत्सव के आयोजन का उद्देश्य राजस्थान की लोक संस्कृति, कला, परंपरा एवं विरासत का संरक्षण और संवर्धन करना है। साथ ही देशभर में राजस्थानी संस्कृति की विशिष्ट पहचान को और मजबूत करना है। बीकानेर हाउस में आयोजित यह उत्सव दिल्लीवासियों और राजस्थान से बाहर रहने वाले राजस्थानी समाज को प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता से रूबरू होने का अवसर प्रदान कर रहा है। उत्सव के तहत राजस्थानी परिधानों के प्रदर्शन के लिए रैम्प शो का आयोजन किया गया, जिसमें पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न वर्गों के विजेता प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। उत्सव में 19 अगस्त को गायन प्रतियोगिता, 20 अगस्त को साफा-पगड़ी बांधने की प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 21 अगस्त को बच्चों के लिए मैथमेटिकल रेस, 22 अगस्त को लेमन स्पून रेस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 23 अगस्त को रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 23 अगस्त को प्रसिद्ध लोक कलाकार कुटले खां विशेष लोक सांस्कृतिक प्रस्तुति भी देंगे।



# राजस्थान/ प्रादेशिक

## निकाय चुनाव में RLP सभी नगरीय निकायों में उतारेगी प्रत्याशी, भाजपा-कांग्रेस पर साधा निशाना



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

हनुमानगढ़। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (RLP) ने आगामी नगरीय निकाय चुनावों को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी के जिला प्रभारी डॉ. विवेक माचरा मंगलवार को हनुमानगढ़ पहुंचे और प्रेस वार्ता के दौरान चुनावी रणनीति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि RLP जिले की सभी नगरीय निकायों में अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेगी और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का काम शुरू कर दिया गया है। डॉ. माचरा ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य स्थानीय मुद्दों को मजबूती से उठाना और आमजन की आवाज को नगर निकायों तक पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। प्रत्याशी चयन में पार्टी की विचारधारा के साथ-साथ जमीनी स्तर पर सक्रिय और जनता के बीच मजबूत पकड़ रखने वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने की बात कही गई। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों प्रमुख दल लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद आमजन की मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं कर सके।

## राजस्थान विधानसभा में 20 अगस्त से घमासान के आसार, सत्ता पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान विधानसभा का सत्र 20 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। सत्र से पहले मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में सदन के संचालन, संभावित कार्यवाही और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा को लेकर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के नेताओं ने अपनी-अपनी राय रखी। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, प्रतिपक्ष के मुख्य सचेतक रफीक खान, भारत आदिवासी पार्टी के थावरचंद, बसपा के मनोज कुमार और राष्ट्रीय लोकदल के डॉ. सुभाष गर्ग मौजूद रहे।



## ‘ऑपरेशन सीमा संकल्प’ की केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने की सराहना, जनभागीदारी को बताया राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत श्रीगंगानगर जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान ‘ऑपरेशन सीमा संकल्प’ की केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने सराहना की। उन्होंने अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखने और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। केंद्रीय मंत्री ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के सह-प्रभारी विक्रम ज्याणी एवं अभियान की ब्रांड एंबेसडर लक्ष्या ज्याणी को जागरूकता के लिए किए गए 860 नाटकों के लिए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे परिवार और समाज के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है। मेघवाल ने कहा कि श्रीगंगानगर में जनसहभागिता से चलाया जा रहा अभियान युवाओं को नई दिशा देने के साथ स्वस्थ, सुरक्षित और संस्कारित समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने अभियान से जुड़े सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों, प्रशासन, पुलिस, शिक्षकों, चिकित्सकों और जागरूक नागरिकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जब समाज स्वयं बदलाव का संकल्प लेता है तो सकारात्मक परिवर्तन निश्चित रूप से दिखाई देता है। केंद्रीय मंत्री ने जिलेवासियों से आह्वान किया कि नशा मुक्त श्रीगंगानगर का लक्ष्य तभी हासिल किया जा सकता है, जब प्रत्येक नागरिक इसे अपना व्यक्तिगत दायित्व समझे। हर परिवार, विद्यालय, गांव और मोहल्ला यदि अभियान का सहभागी बनेगा, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य देने की दिशा में मजबूत कदम उठाया जा सकेगा। अभियान के दौरान नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। स्कूलों, कॉलेजों, गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक, संवाद कार्यक्रम और जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है। 860 नाटकों के जरिए बड़ी संख्या में युवाओं और आमजन को अभियान से जोड़ने का प्रयास किया गया।



## झुंझुनूं में एक साथ उठीं चार अर्थियां, दो मासूम भी शामिल

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

गुढ़ागौड़जी। ककराना गांव के लिए सोमवार का दिन बेहद दुखद रहा। मुंबई में मृत मिले पूर्णमल मेहरा, उनकी पत्नी ओमा और दोनों बच्चों की पार्थिव देह गांव पहुंचने के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत से ग्रामीणों की आंखें नम थीं और हर कोई इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध नजर आया। चारों पार्थिव देह को पहले गुढ़ागौड़जी थाने लाया गया। इसके बाद ग्रामीण तिरंगा यात्रा के रूप में उन्हें ककराना गांव लेकर पहुंचे। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। जयपुर से पहुंची सेना की टुकड़ी ने नेवी में सेवाएं दे चुके पूर्णमल मेहरा को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद पूर्णमल मेहरा, उनकी पत्नी ओमा और दोनों बच्चों का पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।



## अजमेर में चलेंगी 100 ई-बसें, पहले चरण में पांच की शुरूआत

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। दुनियाभर में बढ़ते ई-वाहनों के चलन में अब अजमेर में भी इसकी महत्वपूर्ण शुरूआत हो गई है। प्रधानमंत्री ई-बस योजना के तहत अजमेर में 100 ई-बसें चलाई जाएगी। पहले चरण में मंगलवार से 5 बसों की शुरूआत की गई। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर से वर्चुअल माध्यम से इन ई-बसों का शुभारम्भ किया। अजमेर में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बस में सफर कर शुरूआत की। इस अवसर पर नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर अब विकास के पथ पर तेजी से चल पड़ा है। उन्होंने शहरवासियों को बधाई देते हुए घोषणा की कि अजमेर के लिए कुल 100 ई-बसों की स्वीकृति मिली है। इसके प्रथम चरण के तहत आज शुरुआती 5 बसों को सड़कों पर उतारा गया है। यह नई शुरुआत अजमेर के सार्वजनिक परिवहन को एक आधुनिक और सुगम पहचान देगी।

## राजीविका राखी मेला-2026 का भव्य शुभारंभ, 12 जिलों की एसएचजी महिलाओं के हुनर को मिला बाजार

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) की ओर से ‘राजीविका राखी मेला-2026’ का मंगलवार को शासन सचिवालय परिसर, जयपुर में शुभारंभ हुआ। शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग कृष्ण कुणाल ने मेले का उद्घाटन किया। रक्षाबंधन के पर्व को महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण आजीविका से जोड़ते हुए आयोजित यह मेला 18 से 21 अगस्त तक चलेगा।

इसमें प्रदेशभर के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा तैयार हस्तनिर्मित राखियों, हस्तशिल्प, ऑर्गेनिक और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जा रही है। मेले में एसएचजी महिलाओं द्वारा तैयार आकर्षक हस्तनिर्मित राखियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इनमें ग्रामीण महिलाओं की रचनात्मकता, स्थानीय कला और पारंपरिक हुनर की झलक दिखाई दे रही है। महिलाओं ने राखियों को आकर्षक बनाने के साथ पर्यावरण अनुकूल सामग्री और स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर भी जोर दिया है।

इन राखियों की खरीदारी महिला उद्यमियों की आजीविका को मजबूत करने के साथ उनके आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों को प्रोत्साहन देगी। इस अवसर पर आयुक्त, ईजीएस राजस्थान पुष्पा सत्यानी, राज्य मिशन निदेशक राजीविका प्रियंका गोस्वामी, आयुक्त राजस्थान फाउंडेशन डॉ. मनीष अरोड़ा, मुख्य परिचालन प्रबंधक राजीविका विनीता सिंह एवं परियोजना निदेशक (प्रशासन) राजीविका प्रीति सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## राजस्थान के किसानों को अब आसानी से मिलेगी खाद, ऑनलाइन बुकिंग से खत्म होगी लंबी कतार की परेशानी

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान के किसानों के लिए खाद को लेकर राहत की खबर है। अब किसानों को खाद लेने के लिए लंबी कतारों में लगकर घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। किसानों की सुविधा के लिए खाद की ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था शुरू की गई है। नई व्यवस्था के तहत किसान अपने स्मार्टफोन से खाद की बुकिंग कर नजदीकी अधिकृत विक्रेता से खाद प्राप्त कर सकेंगे। इससे खाद वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता आने और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध होने की उम्मीद है। ऑनलाइन बुकिंग के लिए किसान को सबसे पहले मोबाइल के प्ले स्टोर से *‘फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल’ ऐप* डाउनलोड करना होगा। ऐप में लॉगिन के लिए आधार नंबर या किसान आईडी दर्ज करनी होगी। इसके बाद मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज कर लॉगिन करना होगा। लॉगिन के बाद किसान को अपनी भूमि और फसल का सही विवरण दर्ज कर आवश्यकता के अनुसार खाद का चयन करना होगा। इसके बाद किसान को अपने गांव या पंचायत का नाम दर्ज करना होगा। इससे आसपास के खाद विक्रेताओं की जानकारी सामने आएगी। जिस विक्रेता के पास संबंधित खाद का स्टॉक उपलब्ध होगा, उसके सामने हरे रंग का संकेत दिखाई देगा। किसान अपनी सुविधा के अनुसार विक्रेता का चयन कर खाद प्राप्त करने वाले व्यक्ति का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करेगा। प्रक्रिया पूरी होने के बाद ऐप पर डिजिटल क्यूआर कोड जनरेट होगा। खाद लेने के समय किसान को संबंधित विक्रेता को यह क्यूआर कोड दिखाना होगा। विक्रेता अपनी पीओएस मशीन के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन कर सत्यापन करेगा। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद किसान को खाद उपलब्ध कराई जाएगी और खाद प्राप्त करने की रसीद भी दी जाएगी। इसके बाद किसान को अपने गांव या पंचायत का नाम दर्ज करना होगा। इससे आसपास के खाद विक्रेताओं की जानकारी सामने आएगी। जिस विक्रेता के पास संबंधित खाद का स्टॉक उपलब्ध होगा, उसके सामने हरे रंग का संकेत दिखाई देगा। खाद लेने के समय किसान को संबंधित विक्रेता को यह क्यूआर कोड दिखाना होगा। इसके बाद किसान को खाद के लिए फिर से बुकिंग करनी होगी।



## राजस्थान के टेक्सटाइल सेक्टर को मिलेगी नई दिशा, आखिर कैसे, यहां पढ़ें

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर,। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (RSPCB) द्वारा 19 अगस्त 2026 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर में “Circularity in Textile Sector – Best Practices for Sustainability and New Technologies for Circular Economy” विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला 15 से 18 सितंबर 2026 तक गांधीनगर, गुजरात में आयोजित होने वाले 10वें वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फोरम (WCEF-2026) के प्री-इवेंट के रूप में आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य टेक्सटाइल उद्योग में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (ZLD), अपशिष्ट प्रबंधन तथा आधुनिक पर्यावरणीय तकनीकों के साथ सतत विकास एवं सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देना है।

## नोहर में किसान महापंचायत, फीडर में 332 क्यूसेक पानी की मांग; ट्रैक्टर लेकर पहुंचे किसान



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

हनुमानगढ़। नोहर फीडर में पर्याप्त सिंचाई पानी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर मंगलवार को नोहर के भादरा मोड़ पर किसान महापंचायत आयोजित हुई। संयुक्त किसान मोर्चा एवं नोहर फीडर संघर्ष समिति के तत्वावधान में हुई महापंचायत में बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर लेकर पहुंचे। किसानों ने नोहर फीडर में पानी की मात्रा बढ़ाकर 332 क्यूसेक करने की मांग उठाई और प्रशासन को 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। महापंचायत को सीपीआईएम और कांग्रेस ने समर्थन दिया। नोहर विधायक अमित चाचाण भी किसानों के समर्थन में पहुंचे। किसान प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्तमान में नोहर फीडर में करीब 150 क्यूसेक पानी चल रहा है, जो सिंचाई जरूरतों के लिहाज से पर्याप्त नहीं है। नोहर फीडर से जुड़े करीब 35 गांवों के किसानों की सिंचाई व्यवस्था इसी पानी पर निर्भर है। किसानों का कहना है कि आगामी फसलों के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिला तो खेती पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। महापंचायत के बाद किसानों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव करने की बात कही और मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। महापंचायत में माकपा के पूर्व विधायक बलवान पूनिया और सीपीआईएम नेता मंगेज चौधरी ने भी किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सिंचाई पानी पर किसानों का अधिकार है और इसके लिए संघर्ष जारी रहेगा। वक्ताओं ने कहा कि यदि किसानों को निर्धारित पानी नहीं मिला तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। बलवान पूनिया ने कुछ नहरी अध्यक्षों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए उन पर किसानों को गुमराह करने के आरोप लगाए। वहीं मंगेज चौधरी ने नहर में अधिक पानी छोड़े जाने से नहर टूटने की आशंका जताने वाले तर्कों पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि नोहर फीडर में 150 से 170 क्यूसेक पानी आसानी से छोड़ा जा सकता है। नोहर विधायक अमित चाचाण ने कहा कि नोहर फीडर से जुड़े किसानों को उनके हिस्से का निर्धारित पूरा सिंचाई पानी मिलना चाहिए।

## डाक्टर के घर में ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत, परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही और 2 हजार रुपए लेने का लगाया आरोप

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। लूणकरणसर के सरकारी अस्पताल के एक डॉक्टर द्वारा अस्पताल के बजाय अपने घर में ऑपरेशन करने के कारण एक मरीज की ऑपरेशन के बाद तबीयत बिगड़ने और इलाज के दौरान मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने संबंधित डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने और 2 हजार रुपए लेने का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, सुभाष का 16 अगस्त को डॉक्टर ने उसके घर पर ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के करीब 20 मिनट बाद ही मरीज को वापस सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। आरोप है कि इसके बाद उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती रही और डॉक्टर दोबारा मरीज को देखने नहीं पहुंचे। शाम तक हालत गंभीर होने पर परिजन सुभाष को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल के मूंधड़ा मेडिसिन विंग लेकर पहुंचे। यहां उसका उपचार शुरू किया गया और ऑक्सीजन भी लगाई गई, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई की ओर से दी गई शिकायत में डॉक्टर पर 2 हजार रुपए लेने का आरोप भी लगाया गया है। आरोप के मुताबिक, 500 रुपए नकद और 1500 रुपए यूपीआई के माध्यम से लिए जाने की बात कही गई है। शिकायत में यूपीआई नंबर भी दर्ज कराने का उल्लेख है। परिजनों ने पूरे मामले की जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, डॉक्टर की ओर से लगाए गए आरोपों पर कोई पक्ष सामने नहीं आया है। मामले में जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी। मामले की जानकारी सामने आने के बाद परिजनों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि मरीज का ऑपरेशन सरकारी अस्पताल में होने के बजाय निजी स्थान पर किए जाने और इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने की परिस्थितियों की विस्तृत जांच जरूरी है। परिजनों के अनुसार, सुभाष को ऑपरेशन के बाद सरकारी अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। हालत गंभीर होने पर उसे बीकानेर रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया। शिकायत में ऑपरेशन के लिए कथित रूप से लिए गए 2 हजार रुपए के भुगतान का भी उल्लेख किया गया है। परिजनों ने आरोप लगाया कि 500 रुपए नकद और 1500 रुपए यूपीआई के माध्यम से दिए गए थे। वहीं, मामले में डॉक्टर का पक्ष सामने नहीं आया है। स्वास्थ्य विभाग की जांच और उपलब्ध मेडिकल रिकॉर्ड के आधार पर ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मरीज की मौत के पीछे क्या कारण रहे और उपचार के दौरान किसी स्तर पर लापरवाही हुई या नहीं।

## निकाय-पंचायत चुनाव से पहले कांग्रेस का बड़ा दांव, युवाओं को 60 प्रतिशत तक टिकट देने पर जोर

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान में आगामी निकाय एवं पंचायत चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि टिकट वितरण में युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और करीब 60 प्रतिशत तक टिकट युवा चेहरों को देने पर पार्टी का फोकस रहेगा। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने टिकट वितरण में नेताओं की सिफारिश के बजाय उम्मीदवार की जमीनी पकड़ और जीतने की क्षमता को प्राथमिकता देने की बात कही है। डोटासरा ने बताया कि अगले दो-तीन दिनों में कांग्रेस की बड़ी बैठक आयोजित होगी, जिसमें विधायक, विधायक प्रत्याशी, संगठन पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इसी बैठक के साथ निकाय एवं पंचायत चुनावों के लिए पार्टी के चुनावी अभियान को औपचारिक रूप से गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ऐसे उम्मीदवारों का चयन करेगी, जो चुनाव जीतने के साथ संगठन के लिए लंबे समय तक सक्रिय रहकर काम कर सकें। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी टिकट वितरण को लेकर पार्टी को स्पष्ट संदेश दिया।



## मनोरंजन समाचार

# CM विजय के बेटे जेसन संजय की Sigma को मिली नई रिलीज डेट, 'जना नायकन' की वजह से टली थी फिल्म

तमिल सुपरस्टार और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के बेटे जेसन संजय बड़े पर्दे पर अपनी धमाकेदार शुरुआत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जेसन संजय बड़े पर्दे पर डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं और उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'सिग्मा' भी रिलीज के लिए तैयार है। पहले ये फिल्म 31 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन पिता विजय की फिल्म 'जना नायकन' के चलते जेसन संजय ने अपनी फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी और अब फिल्म की नई रिलीज डेट आ गई है। संदीप किशन स्टारर यह फिल्म अब 2 अक्टूबर 2026 को गांधी जयंती के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी, यानी ये फिल्म बड़े पर्दे पर अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3' से टकराने वाली है। खुद जेसन संजय ने सोशल मीडिया पर 'सिग्मा' की नई रिलीज डेट का ऐलान किया। 'सिग्मा' की नई रिलीज डेट का ऐलान करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। इस पोस्ट में जेसन संजय ने लिखा- 'इस चोरी (heist) के लिए 2 अक्टूबर की तारीख नोट कर लें। SIGMA बड़े पर्दे पर धूम मचाने के लिए तैयार है।' सिग्मा को असल में 31 जुलाई को रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में विजय की फिल्म 'जना नायकन' की नई रिलीज डेट आने के कारण इसे पोस्टपोन कर दिया गया। 'जना नायकन' 23 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसके बाद सिग्मा की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई। जेसन संजय की फिल्म सिग्मा अब 2 अक्टूबर को रिलीज होगी, जिससे फिल्म को बॉक्स ऑफ़िस पर लंबा वीकेंड मिल सकता है। 'सिग्मा' जेसन संजय की डायरेक्टर के तौर पर पहली फिल्म है। खास बात तो ये है कि वह इस फिल्म के निर्देशक होने के साथ-साथ लेखक भी हैं। हालांकि कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन मेकर्स ने इसे खजाने की खोज वाले एंगल के साथ एक एक्शन एंटरटेनर के तौर पर पेश किया है। 'सिग्मा' में संदीप किशन मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। उनके अलावा फिल्म में फारिया अब्दुल्ला, राजू सुंदरम, संपत राज, शिव पंडित, अंबू थसन, योग जापी, मंगललक्ष्मी, शीला राजकुमार, कमलेश और किरण कोंडा जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। पिछले दिनों ही जेसन संजय ने अपने जीवन का पहला इंटरव्यू दिया। इस दौरान जेसन संजय ने पहली बार अपने पिता विजय की ऐतिहासिक जीत पर खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने अपनी निजी जिंदगी, पिता की सीख और मां के साथ अपने रिश्तों पर भी बेबाकी से बात की। फिल्म को लेकर जेसन संजय की पहली निर्देशकीय पारी पर दर्शकों की नजरें टिकी हुई हैं। विजय के बेटे होने के कारण फिल्म को लेकर पहले से ही काफी उत्सुकता बनी हुई है, लेकिन जेसन संजय के लिए यह प्रोजेक्ट अपने दम पर पहचान बनाने का बड़ा मौका भी माना जा रहा है। 'सिग्मा' को मेकर्स ने एक अलग तरह की कहानी और तेज-तर्रार ट्रीटमेंट वाली फिल्म के तौर पर पेश किया है। फिल्म में खजाने की खोज और चोरी से जुड़े रोमांचक पहलुओं के साथ एक्शन और मनोरंजन का तड़का देखने को मिलेगा।



## सीमा पाहवा ने शेयर किए 'बरेली की बर्फी' और 'शुभ मंगल सावधान' के यादगार पल



बॉलीवुड अभिनेत्री सीमा पाहवा ने मंगलवार को अपनी दो यादगार फिल्मों, 'बरेली की बर्फी' और 'शुभ मंगल सावधान' से जुड़ी यादें सोशल मीडिया के माध्यम से शेयर कीं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर 'बरेली की बर्फी' और 'शुभ मंगल सावधान' के को-स्टार के साथ ली गईं बिहाइंड-द-सीन पलों की तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्ट्रेस द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में से एक में सीमा पाहवा कृति सेनन के साथ हैं, जबकि दूसरी तस्वीर में वह भूमि पेडनेकर के साथ दिख रही हैं।

उन्होंने आयुष्मान खुराना, पंकज त्रिपाठी और दूसरों के साथ खाना खाते हुए अपनी एक बिहाइंड-द-सीन्स तस्वीर भी शेयर की। अभिनेत्री ने लिखा, "फिल्म, 'बरेली की बर्फी' और 'शुभ मंगल सावधान' के 9 साल पूरे।" अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट के साथ कृति सेनन, आयुष्मान खुराना, राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, डायरेक्टर आर.एस. प्रसन्ना और उनकी दोनों फिल्मों से जुड़े अन्य लोगों को टैग किया। दोनों फिल्में साल 2017 में ही रिलीज हुई थीं और अपनी-अपनी कास्ट के करियर में अहम टाइटल बनी थीं। फिल्म 'बरेली की बर्फी' को अश्विनी अय्यर तिवारी ने डायरेक्ट किया था और यह 18 अगस्त, 2017 को रिलीज हुई थी। फिल्म में कृति सेनन ने बिट्टी मिश्रा, आयुष्मान खुराना ने चिराग दुबे और राजकुमार राव ने प्रीतम विद्रोही का रोल किया था, जबकि पंकज त्रिपाठी और सीमा पाहवा ने बिट्टी के माता-पिता, नरोत्तम और सुशीला मिश्रा का रोल किया था।

# 'फ्रॉम पिंक टू पावर' पैनल में शामिल होंगी तापसी पन्नू, सिनेमा में महिलाओं की रूढ़ियों पर होगी बात

अभिनेत्री तापसी पन्नू एक फिल्म फेस्टिवल में 'फ्रॉम पिंक टू पावरः ब्रेकिंग स्टीरिओटाइप थ्रू सिनेमा' नाम के पैनल का हिस्सा बनने वाली हैं। अभिनेत्री का मानना है कि सिनेमा तब और दिलचस्प बन जाता है जब महिला किरदारों को पेचीदा और बेधड़क दिखाया जाता है। स्पेशल सेशन में शामिल होने पर अभिनेत्री ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, "मेरे लिए, स्टीरियोटाइप्स को तोड़ना हमेशा एक रिस्क लेने और एक ऐसी महिला का किरदार अदा करने से हुआ है, जो शायद उस वर्जन में फिट न हो जिसकी लोग उम्मीद करते हैं। इस सेशन में बात होगी कि कैसे सिनेमा गहराई से जमी हुई रूढ़ियों पर सवाल उठा सकता है। कैसे ये पर्दे पर महिलाओं को दिखाने का तरीका बदल सकता है और दर्शकों को घिसी-पिटी कहानियों से आगे सोचने के लिए प्रेरित कर सकता है।" अभिनेत्री ने बताया कि फेस्टिवल में वे खुद की जर्नी, करियर बनाने वाले फैसलों और पारंपरिक सोच से अलग हटकर काम करने के रिस्क के बारे में बातें करेंगी। साथ ही वो ये भी बताएंगी कि सिनेमा के जरिए सवाल उठाना, लोगों को सोचने पर मजबूर करना और प्रेरित करना कितनी बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, "पिंक और थप्पड़ जैसी फिल्में एक बड़ी बहस का हिस्सा बनी थीं क्योंकि उन फिल्मों में मेरे द्वारा निभाए गए किरदारों को एक तय सांचे पर फिट करने के लिए नहीं बनाया गया था। मैं हमेशा से मानती हूं कि सिनेमा तब और ज्यादा दिलचस्प होता है, जब हम महिलाओं को कम कमजोरियों वाली, पेचीदा, महत्वाकांक्षी और बेधड़क अपने जैसी दिखाने की इजाजत देते हैं। इस फिल्म फेस्टिवल में इन फैसलों और इनसे शुरू हुई बातचीत पर चर्चा करने के लिए मैं बहुत ज्यादा उत्सुक हूं।" यह फिल्म फेस्टिवल 20 अगस्त से 23 अगस्त 2026 तक नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। अभिनेत्री तापसी पन्नू की हाल ही में फिल्म अस्सी में नजर आई थीं। अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित इस कोर्टरूम ड्रामा फिल्म में तापसी एक निडर वकील की भूमिका में हैं जो गैंगरेप सर्वाइवर को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करती है। तापसी पन्नू ने कहा कि सिनेमा की ताकत सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में बनी धारणाओं और रूढ़ियों पर सवाल उठाने का प्रभावी माध्यम भी हो सकता है। अभिनेत्री के मुताबिक, जब पर्दे पर महिलाओं को पारंपरिक छवियों से अलग जटिल, महत्वाकांक्षी और बेधड़क रूप में दिखाया जाता है, तो दर्शकों के सामने नए नजरिए खुलते हैं। फिल्म फेस्टिवल में आयोजित होने वाले विशेष पैनल में तापसी अपने करियर के उन फैसलों पर चर्चा करेंगी, जिनमें उन्होंने पारंपरिक सोच से अलग भूमिकाओं को चुना। वह यह भी साझा करेंगी कि अलग तरह के किरदार निभाने में किस तरह के जोखिम जुड़े होते हैं और ऐसे फैसलों का उनके करियर पर क्या प्रभाव पड़ा। अभिनेत्री के अनुसार, 'पिंक' और 'थप्पड़' जैसी फिल्मों ने महिलाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण सवालों को मुख्यधारा की चर्चा का हिस्सा बनाया। इन फिल्मों में उनके किरदारों को एक तय छवि में बांधने के बजाय उनकी परिस्थितियों, भावनाओं और फैसलों को प्रमुखता दी गई थी। तापसी का मानना है कि महिला किरदारों को हमेशा कमजोर, त्याग करने वाली या किसी दूसरे किरदार पर निर्भर दिखाने के बजाय उन्हें अपनी इच्छाओं, महत्वाकांक्षाओं और कमियों के साथ एक वास्तविक इंसान के रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि ऐसी कहानियां दर्शकों को केवल भावनात्मक रूप से प्रभावित नहीं करतीं, बल्कि उन्हें अपने आसपास की सामाजिक धारणाओं पर दोबारा विचार करने के लिए भी प्रेरित करती हैं। नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होने वाला यह फिल्म फेस्टिवल 20 से 23 अगस्त 2026 तक चलेगा। इसमें सिनेमा और कला जगत से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियां हिस्सा लेंगी। 'फ्रॉम पिंक टू पावरः ब्रेकिंग स्टीरियोटाइप थ्रू सिनेमा' पैनल में तापसी की मौजूदगी महिला प्रतिनिधित्व और सिनेमा में बदलते नजरिए पर चर्चा का अहम हिस्सा होगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो तापसी हाल ही में अनुभव सिन्हा की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'अस्सी' में नजर आई थीं। फिल्म में उन्होंने एक निडर वकील का किरदार निभाया, जो एक गैंगरेप सर्वाइवर को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करती है।



## रणनीति बनाता हूं पर अपने फायदे के लिए किसी को नुकसान नहीं पहुंचाता : मुनव्वर फारूकी



अमेजन प्राइम वीडियो के पॉपुलर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स 2' के पहले ही राउंड में कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी बाहर हो गए हैं, जिससे कई फैंस और दर्शक हैरान रह गए। शो से बाहर आकर उन्होंने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में बताया कि वह खेल में रणनीति जरूर बनाते हैं लेकिन अपने फायदे के लिए दूसरे लोगों का इस्तेमाल करना उन्हें पसंद नहीं है। उन्होंने अपने खेलने के तरीके और शो को लेकर अपनी सोच खुलकर साझा की है। आईएएनएस से मुनव्वर ने कहा, "मैं जिंदगी में भी काफी सोच-समझकर फैसले लेता हूं और रियलिटी शो में भी रणनीति के साथ आगे बढ़ता हूं। दोनों रियलिटी शो में मैंने शुरुआत से कोई खास योजना बनाकर खेल नहीं खेला। मैं परिस्थितियों को समझकर उसके हिसाब से फैसला लेने में भरोसा रखता हूं। जब किसी चुनौती या काम के लिए रणनीति की जरूरत पड़ती है, तभी मैं उस दिशा में सोचता हूं।" मुनव्वर ने कहा, ''मैं अपनी बात और अपने खेल पर भरोसा रखता हूं। मैं लोगों के साथ मिलकर खेल सकता हूं लेकिन सिर्फ अपने फायदे के लिए किसी को अपने हिसाब से चलाने की कोशिश नहीं करता। मेरे लिए खेल का मतलब सिर्फ खुद को बचाना या जीत हासिल करना नहीं है बल्कि इस दौरान दूसरों को बेवजह नुकसान से बचाना भी है।'' अपने खेलने के तरीके को समझाते हुए मुनव्वर ने कहा, "अगर मैं किसी व्यक्ति को किसी फैसले के लिए प्रभावित करता हूं, तो मेरी कोशिश रहती है कि उसका फायदा उस व्यक्ति को भी मिले। अगर किसी काम में मुझे 80 प्रतिशत फायदा मिलता है, तो सामने वाले को भी 20 प्रतिशत फायदा मिलना चाहिए। मैं किसी दूसरे व्यक्ति के पूरे हिस्से को अपने फायदे के लिए नहीं लेना चाहता।" मुनव्वर ने कहा, ''मैं अपनी वजह से किसी दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाना नहीं चाहता। रणनीति बनाना और किसी के साथ चालाकी करना दो अलग-अलग चीजें हैं।"

## स्वतंत्रता दिवस 2026 समारोह में तृषा-विजय के सैल्यूट पर DMK ने उठाया सवाल, कहा- 'मुख्यमंत्री की गरिमा तार-तार हो गई'



DMK नेता उदयनिधि स्टालिन पिछले दिनों अपने एक बयान को लेकर मुश्किल में फंस गए। कावेरी विवाद प्रदर्शन के दौरान स्टॉलिन ने एक्ट्रेस तृषा कृष्णन को लेकर कुछ ऐसा कह दिया, जिसके बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया और कथित विवादित टिप्पणी के बाद स्टालिन को हिरासत में ले लिया गया। अब तृषा पर डबल मीनिंग कमेंट्स के बाद उदयनिधि स्टालिन की पार्टी के मुखपत्र ने स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान एक्ट्रेस तृषा कृष्णन की मौजूदगी और पहली पंक्ति में उनके बैठने की व्यवस्था को लेकर सीएम विजय पर निशाना साधा है। कार्यक्रम के दौरान तृषा, विजय के माता-पिता एसए चंद्रशेखर और शोभा चंद्रशेखर के साथ बैठी थीं।

## '23 साल का सब्र', इमरान हाशमी की पत्नी परवीन ने मनाया 'आवारापन 2' की सफलता का जश्न



इमरान हाशमी की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'आवारापन 2' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और चार दिन में ही इस फिल्म ने देशभर में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 'आवारापन 2' 109.02 करोड़ की कमाई कर चुकी है और दुनियाभर में 130 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। ये सफलता इमरान हाशमी के लिए काफी अहम है, क्योंकि 2008 में रिलीज हुई 'जन्नत' के बाद ये उनकी पहली सोलो हिट है। इस सफलता के लिए इमरान हाशमी ने सालों का इंतजार किया है और अब उनकी पत्नी परवीन ने एक लंबे-चौड़े पोस्ट के जरिए उनके सब्र और समर्पण के बारे में बात की है। परवीन ने इमरान हाशमी के 23 साल के करियर पर एक पोस्ट शेयर किया है और उनके अपने काम के प्रति समर्पण की तारीफ की है। इमरान हाशमी के सब्र और इंतजार के बारे में बताते हुए परवीन ने कैप्शन में लिखा- 'एमी (इमरान हाशमी) को आज यहां तक पहुंचने में 23 साल का समय लग गया। 23 साल का सब्र, लगन, भरोसा, डेडिकेशन, और अनगिनत दुआएं और प्रार्थनाएं! एक तरफ कुछ शुक्रवार बहुत खुशी और कामयाबी लेकर आए तो कुछ शुक्रवार दिल तोड़ने वाले और निराशाजनक होते थे, लेकिन उन्होंने कभी आगे बढ़ना बंद नहीं किया। इन 23 सालों में वह लगातार कोशिश करते रहे, काम करते रहे।

## जन्मदिन पर गुलजार को जैकी श्रॉफ की खास बधाई, कहा- आपने हमारे दिलों में खास जगह बनाई



अपनी सादगी भरी भाषा, संवेदनशीलता और खूबसूरत शायरी के लिए पहचाने जाने वाले गुलजार मंगलवार को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके अभिनेता जैकी श्रॉफ ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। अभिनेता जैकी श्रॉफ ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर गुलजार की तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उन्होंने लिखा, "गुलजार साहब आपको जन्मदिन की अनंत बधाई। आप हमारे दिलों में सदैव रहेंगे।" 1934 को भारत के पंजाब के दीना इलाके (जो कि अब पाकिस्तान का हिस्सा है) में जन्में गुलजार का असली नाम संपूरण सिंह कालरा है। अपनी लेखनी और रचनात्मकता के जरिए उन्होंने कई दशकों तक सिनेमा और साहित्य की दुनिया पर गहरी छाप छोड़ी है। गुलजार ने हिंदी सिनेमा में गीत लेखन से लेकर कहानी, कविता और निर्देशन तक, उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। गुलज़ार की कविताएं खुशी का एहसास कराती हैं और आपको एक दिव्य दुनिया में ले जाती हैं। उनके बारे में एक खास बात यह है कि 1963 की फिल्म बंदिनी से लेकर 2014 की फिल्म किल दिल तक, वे समय के हिसाब से आगे बढ़ते रहे हैं और अपना योगदान देते रहे हैं। हालांकि, लेखक बनने से पहले गुलजार ने कई छोटे-छोटे काम किए हैं। मुंबई आने के बाद करियर के शुरुआती में वे कार मैकेनिक का काम करते थे। गुलजार ने बहुत कम उम्र से ही लिखना शुरू कर दिया था, जिस वजह से अक्सर उन्हें पिता से डांट भी पड़ती थी। लेखने करते हुए, उन्होंने अपना पेन नेम गुलजार दीनवी रखा और बाद में बस गुलजार रख लिया। बंटवारे के बाद, वे दिल्ली आए और बिमल रॉय के असिस्टेंट के तौर पर काम किया। बाद में, उन्होंने म्यूजिक डायरेक्टर एस. डी. बर्मन के साथ फिल्म बंदिनी के लिए एक गीतकार के तौर पर अपना करियर शुरू किया। उनका पहला गाना 'मोरा गोरा अंग लेले' था। गुलजार ने आनंद, मेरे अपने, मौसम, माचिस, ओमकारा, कमीने, दिल से, गुरु, स्लमडॉग मिलियनेयर, रावण, बंटी और बबली जैसी फिल्मों के गानों के बोल लिखे हैं। उन्होंने आशीर्वाद, आनंद और खामोशी जैसी फिल्मों के लिए डायलॉग और स्क्रीनप्ले भी लिखे हैं।

थिंक राजस्थान



## सार समाचार

### किम जोंग ने दिया बातचीत के प्रस्ताव का सकारात्मक जवाब: ट्रंप



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पिछले तीन दिनों से जो कह-सुन रहे हैं वो नॉर्थ कोरिया के प्रति 'सॉफ्ट अप्रोच' की मुनादी करता है। अब उन्होंने दावा किया है कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने उनके बातचीत के प्रस्ताव का जवाब दिया है। हालांकि, ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया किम ने कब और किस माध्यम से उनसे संपर्क किया या दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि बातचीत "बहुत सकारात्मक" रही। सोमवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जब ट्रंप से पूछा गया कि किम ने उनके बातचीत के प्रस्ताव का अब तक जवाब क्यों नहीं दिया, तो उन्होंने पलटकर कहा, ''आपको कैसे पता कि उन्होंने जवाब नहीं दिया?'' इसके बाद उन्होंने पुष्टि की कि किम ने जवाब दिया है। ट्रंप ने किम के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि किम ने उनके साथ हमेशा ''बहुत सम्मान'' के साथ व्यवहार किया है। ट्रंप ने कहा कि वह किम को समझते हैं और किम भी उन्हें समझते हैं। ट्रंप और किम के बीच उनके पहले कार्यकाल के दौरान तीन आमने-सामने मुलाकातें हो चुकी हैं। दोनों की पहली मुलाकात जून 2018 में सिंगापुर में हुई थी। इसके बाद फरवरी 2019 में हनोई और जून 2019 में दोनों नेताओं की पनमुनजोम में मुलाकात हुई थी। ट्रंप ने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि उन्होंने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को दक्षिण कोरिया के साथ होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यासों को ''काफी कम'' करने का निर्देश दिया है।

### रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने उत्तर कोरिया को भेजी चिट्ठी, लिखा- 'हम दोनों अब एक ही मोर्चे पर लड़ रहे'



सोल। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने यूक्रेन युद्ध में रूस को उत्तर कोरिया की सैन्य मदद और सैनिकों की तैनाती की सराहना करते हुए दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने का संकल्प लिया है। उनके मुताबिक दोनों देशों की लड़ाई का मोर्चा एक ही है। योनहाप ने उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया एजेंसी केसीएनए के हवाले से बताया कि लावरोव ने यह बात उत्तर कोरिया के मुक्ति दिवस की 81वीं वर्षगांठ के मौके पर अपनी उत्तर कोरियाई समकक्ष चो सोन हुई को भेजे पत्र में कही। उन्होंने याद दिलाया कि रूस और नॉर्थ कोरिया ने "1945 में जापानी सैन्यवाद" को हराने के लिए मिलकर लड़ाई लड़ी थी और दूसरे विश्व युद्ध को जल्दी खत्म करने में मदद की थी। प्योंगयांग ने रूस को हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध कराने के साथ सैनिक भी भेजे हैं।

### मास्को पर यूक्रेन का दो वर्षों में सबसे बड़ा ड्रोन हमला, 620 यूएवी से निशाना



मास्को। रूस की राजधानी मास्को पर यूक्रेन ने बड़ा ड्रोन हमला किया है। ये पिछले दो वर्षों में किया गया सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। शहर के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने मंगलवार को बताया कि सोमवार शाम से मंगलवार सुबह पांच बजे तक मॉस्को क्षेत्र की ओर 620 मानवरहित विमान पहुंचे, जिनमें से 180 को रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने नष्ट कर दिया। सोबयानिन ने कहा, " जहां ड्रोन का मलबा गिरा उन स्थलों पर आपातकालीन दल काम कर रहे हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, हमले में किसी के हताहत होने या बड़े पैमाने पर नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है।" हवाई हमले के खतरे को देखते हुए मास्को के वनुकोवो, झुकोव्स्की और डोमोडेदोवो हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन अस्थायी रूप से रोक दिया गया। वहीं, शेरेमेत्येवो हवाई अड्डे पर भी आंशिक प्रतिबंध लगाए गए। शिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी। मॉस्को पर ड्रोन हमले का पिछला रिकॉर्ड रविवार रात बना था, जब करीब 600 ड्रोन के जरिए रूसी राजधानी को निशाना बनाए जाने की सूचना मिली थी। महज दो दिनों के भीतर यह दूसरा बड़ा ड्रोन हमला है, जिससे रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में हवाई हमलों की तीव्रता का अंदाजा लगाया जा सकता है। इससे पहले 12 अगस्त को यूक्रेनी ड्रोन हमले में रूस के नोवोरोस्सियस्क शहर में तीन लोगों की मौत और आठ अन्य के घायल होने की सूचना मिली थी। क्रास्नोडार के गवर्नर वेनियामिन कोंद्रात्येव ने इसकी पुष्टि की थी।

## सेंट्रल अफ्रीकी रिपब्लिक में सोने की खदान धंसने से बड़ा हादसा, मलबे में दबे कई मजदूर, 30 की मौत



सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक के पश्चिमी हिस्से में सोने की एक खदान अचानक ढह गई। इस हदासे में कम से कम 30 खनिकों की मौत हो गई और कई अन्य लोग फंस गए। मौके पर राहत और बचाव का काम जारी है। खदान में फंसे हुए खनिकों को निकालने की कोशिश की जा रही है। इस हादसे में बाल-बाल बचे एक खनिक फ्लोरियन गागुएंडे के अनुसार नाना-मामबेरे प्रीफेक्चर के अब्बा इलाके में यह घटना हुई। उसने बताया कि यह एक पारंपरिक खदान थी और तकनीकों का कम इस्तेमाल किया जाता था। उन्होंने बताया कि बचावकर्मी फंसे हुए अन्य खनिकों की तलाश कर रहे हैं, लेकिन उनके जीवित मिलने की संभावना कम होती जा रही है। वहीं इलाके के डिप्टी मेयर, सुलेमान बी ने कहा कि बचावकर्मी और स्थानीय लोग कई घंटों की मशक्कत के बाद ढही हुई खदान से 30 शव निकालने में सफलता मिली। घायल खनिकों का इलाज पास के अस्पताल में किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "यह भयानक है और हम स्वयंसेवी संगठनों और आम लोगों से भी मदद की अपील कर रहे हैं ताकि उन लोगों को गड्ढे से बाहर निकाला जा सके जो खुद बाहर नहीं आ पा रहे हैं।" सरकारी प्रवक्ता एवरिस्ट नगामाना ने हादसे के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रभावित लोगों को राहत और सहायता प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वहीं घटनास्थल का जो फुटेज सामने आया है, उसमें अफरा-तफरी के बीच बचाव कार्य होते दिख रहे हैं। कीचड़ से सने ज़्यादातर युवा पुरुष और महिला खनिक गड्ढे से एक शव निकालते हुए दिख रहे हैं, जबकि दर्जनों अन्य खनिक और मज़दूर विशाल साइट पर इधर-उधर बिखरे हुए हैं और कुछ लोग मदद के लिए चिल्ला रहे हैं। बता दें कि सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक में पारंपरिक खदानों के ढहने की घटनाएं आम हैं। इस इलाके में हजारों लोग छोटे पैमाने पर खनन का काम करते हैं।

## ट्रंप ने होर्मुज स्ट्रेट को घोषित किया अमेरिका का इलाका, शेयर किया नया नक्शा



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को एक नक्शे की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की। इस तस्वीर में उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को 'अमेरिका का नया इलाका' बताया गया है। यह पोस्ट ऐसे समय में आई है जब इस अहम समुद्री रास्ते को लेकर ईरान के साथ तनाव अभी भी बरकरार है। वहीं दूसरी तरफ ईरान होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही पर रोक लगा रहा है, जो दुनिया भर में ऊर्जा की सप्लाई के लिए एक बहुत जरूरी समुद्री रास्ता है। ट्रंप ने बिना किसी अतिरिक्त टिप्पणी के अपने 'ट्रुथ सोशल' प्लेटफॉर्म पर यह नक्शा शेयर किया। इससे पहले पिछले हफ्ते ट्रंप ने कहा था कि वह 'बहुत जल्द' होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिका का इलाका घोषित कर देंगे। इस बीच, ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट समुद्री यातायात के लिए तब तक बंद रहेगा जब तक कि अमेरिका के साथ साइन किए गए 14-सूत्रीय समझौता ज्ञापन (MoU) में ईरान की सभी शर्तें पूरी नहीं हो जातीं। उन्होंने इसे विदेशी प्रतिबंधों और सैन्य अभियानों को पूरी तरह से हटाने से सीधे तौर पर जोड़ा है। गालिबाफ ने कहा, "जब तक समझौता ज्ञापन में अमेरिका के वादे पूरे नहीं किए जाते, तब तक 'जलडमरूमध्य' नहीं खोला जाएगा। इनमें नाकेबंदी हटाना, फ्रीज की गई संपत्ति जारी करना, तेल पर प्रतिबंध हटाना, सभी मोर्चों पर धमकियों और सैन्य अभियानों को खत्म करना और अन्य शर्तें शामिल हैं, जिन पर अमेरिका ने सहमति जताई थी।" अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर एक बार फिर बेहद आक्रामक रुख अपनाया है। ट्रंप ने पोस्ट के साथ कोई अतिरिक्त टिप्पणी नहीं की।

## इमरान खान को बड़ी राहत, अब जेल से अस्पताल जाएंगे पूर्व पीएम, सुप्रीम कोर्ट ने दिया इलाज का आदेश



पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) के संस्थापक इमरान खान, जो 3 साल से अदियाला जेल में बंद हैं। उनको अगली सुनवाई तक शिफा इंटरनेशनल अस्पताल भेजने का आदेश दिया है। कोर्ट ने अधिकारियों को उनके इलाज और मेडिकल जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। तीन जजों की बेंच ने यह आदेश जारी करते हुए इमरान खान के लिए एक मेडिकल बोर्ड बनाने को कहा है। साथ ही उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच अस्पताल ले जाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि अस्पताल के बाहर कानून-व्यवस्था न बिगड़े। इमरान खान से मुलाकातों और उनके इलाज से जुड़े मामलों की सुनवाई के दौरान, जस्टिस शाहिद वहीद ने सवाल किया कि उनका पूरा मेडिकल रिकॉर्ड क्यों नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि कोर्ट में जो जानकारी दी गई थी, वह सिर्फ मेडिकल रिपोर्ट का सारांश (समरी) थी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि अगली सुनवाई से पहले इमरान खान का पूरा मेडिकल रिकॉर्ड जमा किया जाए। कोर्ट ने कहा कि एक बार रिकॉर्ड कोर्ट में पेश होने के बाद, वह गोपनीय नहीं रहेगा। जस्टिस नईम अख्तर अफगान ने भी सवाल किया कि क्या मेडिकल रिपोर्ट में बताई गई एंजियोग्राफी जेल में की जा सकती है। इस्लामाबाद के एडवोकेट जनरल ने कोर्ट को बताया कि यह जेल के बाहर किसी अस्पताल में की जा सकती है। जस्टिस शाहिद वहीद ने मेडिकल रिपोर्ट को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में इमरान खान की नब्ज और दिल की हालत में गड़बड़ी दिखाई दे रही है और ऐसा लगता है कि उनके जरूरी अंगों पर असर पड़ना शुरू हो गया है। कोर्ट ने इमरान खान और उनकी बहनों के बीच मुलाकातों पर लगी पाबंदियों पर भी सवाल उठाए। जजों ने कहा कि परिवार के सदस्यों से मिलना एक मौलिक अधिकार है और पूछा कि इस्लामाबाद हाई कोर्ट के निर्देशों का पालन क्यों नहीं किया जा रहा है। इस्लामाबाद के एडवोकेट जनरल ने कोर्ट को बताया कि इमरान खान पिछले तीन सालों में अपनी बहनों से 48 बार मिल चुके हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन मुलाकातों की पूरी जानकारी और उनके बच्चों के साथ हुई बातचीत का रिकॉर्ड मांगा। कोर्ट ने इस बात पर भी चर्चा की कि इमरान खान से मुलाकातों के बाद मीडिया में कोई बयान नहीं दिया जाएगा।

## ड्रिंक-ड्राइविंग मामले में क्रिकेटर डेविड वॉर्नर पर ऑस्ट्रेलियाई कोर्ट ने लगाया जुर्माना



सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विस्फोटक सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को ड्रिंक-ड्राइविंग (शराब पीकर वाहन चलाने) के मामले में ऑस्ट्रेलियाई अदालत ने 1,500 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब 1 लाख रुपये) के जुर्माने की सजा सुनाई है।

अदालत ने जुर्माने के साथ-साथ वॉर्नर को अपनी कार में विशेष 'अल्कोहल इंटरलॉक डिवाइस' लगवाने का भी सख्त आदेश दिया है।

यह डिवाइस चालक के शरीर में शराब की थोड़ी सी भी मौजूदगी का पता चलने पर वाहन को स्टार्ट होने से पूरी तरह रोक देता है।

डेविड वॉर्नर ने अप्रैल में सिडनी में शराब पीकर गाड़ी चलाने का अपना अपराध अदालत में स्वीकार कर लिया था:

ईस्टर संडे की घटनाः वॉर्नर एक पारिवारिक कार्यक्रम से लौट रहे थे और अपनी कार से परिवार को घर ले जा रहे थे।

सीट बदलने की कोशिशः अदालत की सुनवाई के दौरान सामने आया कि ईस्टर संडे के दिन वॉर्नर ने सड़क किनारे पुलिस की नियमित जांच को देखकर अपनी कार रोक दी थी और पकड़े जाने के डर से एक महिला के साथ सीट बदलने का प्रयास किया था।

ब्लड अल्कोहल लिमिटः पुलिस जांच में वॉर्नर के खून में अल्कोहल का स्तर कानूनी रूप से निर्धारित मानक सीमा से दोगुने से भी अधिक दर्ज किया गया।

मामले की सुनवाई करते हुए जज क्लेयर फार्नन ने कड़ी टिप्पणी कीः

सड़क सुरक्षा पर चिंताः जज ने कहा कि न्यू साउथ वेल्स में होने वाली अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं का एक मुख्य कारण ड्रिंक-ड्राइविंग है।

बच्चों की मौजूदगीः अदालत ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि घटना के समय वाहन में छोटे बच्चे भी सवार थे, जिसने इस लापरवाही और मामले की गंभीरता को और अधिक बढ़ा दिया।

पुनरावृत्ति न करने की उम्मीदः जज ने आशा व्यक्त की कि पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अपने आचरण में सुधार करेंगे और भविष्य में इस प्रकार के अपराध की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

## फिलीपींस के स्कूल में गोलीबारी: छात्र समेत दो की मौत, संसद में हंगामा

मनीला। फिलीपींस के दक्षिणी शहर जाम्बोआंगा में मंगलवार को एक निजी स्कूल में हुई गोलीबारी में दो छात्रों की मौत हो गई। मृतकों में कथित हमलावर भी शामिल है। यह घटना देश में पिछले दो महीनों के भीतर हुई दूसरी घातक स्कूल गोलीबारी है। वहीं, इस मुद्दे को लेकर संसद में भी शोर मचा। सिनेटर्स ने सरकार से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल पूछे। फिलीपींस न्यूज एजेंसी के अनुसार, यह घटना एटेनियो डी जाम्बोआंगा यूनिवर्सिटी से जुड़े जूनियर हाई स्कूल परिसर में हुई। पुलिस के मुताबिक, हमलावर नौवीं कक्षा का छात्र था, जबकि गोली लगने से जान गंवाने वाला छात्र 10वीं कक्षा में पढ़ता था। हमलावर ने बाद में खुद की जान ले ली। जबकि दो अन्य लोग घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, छात्र स्कूल परिसर में दो हथियार लेकर पहुंचा था और उसने कक्षाओं के भीतर गोलीबारी की। जाम्बोआंगा के मेयर खाइमर एडन ओलासो ने बताया कि घटना के बाद स्कूल परिसर को सुरक्षित कर लिया गया और आपातकालीन सेवाओं को सक्रिय किया गया। पुलिस के मुताबिक, हमलावर द्वारा गोलीबारी को कैमरे से रिकॉर्ड किए जाने और उसे ऑनलाइन लाइव-स्ट्रीम किए जाने की भी जांच की जा रही है। अधिकारियों ने घटना के पीछे की वजह का तत्काल खुलासा नहीं किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गोलीबारी में इस्तेमाल एक हथियार हमलावर के पिता से जुड़ा था, जो सीमा शुल्क विभाग में अधिकारी हैं। घटना के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया है। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

## पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने इमरान खान को अस्पताल में भर्ती कराने का दिया आदेश



इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने अदियाला जेल में कैद पूर्व वजीर-ए-आजम (प्रधानमंत्री) इमरान खान को सही उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने का आदेश दिया है। कोर्ट ने मंगलवार को आदेश सुनाया। फैसले के तहत जेल में बंद इमरान खान को अगले कुछ दिनों में पूरी मेडिकल जांच के लिए इस्लामाबाद के शिफा इंटरनेशनल हॉस्पिटल में भर्ती कराया जाएगा। जस्टिस शाहिद वहीद की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों वाली बेंच ने यह आदेश पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) संस्थापक इमरान खान को अस्पताल में भर्ती कराने और उनके परिवार से मिलने की मांग करने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया। पाकिस्तान के जाने-माने अखबार डॉन ने वहीद के हवाले से कहा, "मौलिक अधिकारों को ध्यान में रखते हुए, हम कैदी की सेहत और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह आदेश जारी कर रहे हैं।" अदालत ने कहा कि यह आदेश इमरान खान की सेहत और जीने के अधिकार और मेडिकल सेवाओं तक पहुंच की संवैधानिक गारंटी को देखते हुए जारी किया जा रहा है। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि वे इमरान खान और उनके परिवार के सदस्यों के बीच हर हफ्ते मुलाकात की भी व्यवस्था करें और एक मेडिकल बोर्ड बनाने का आदेश दिया, जिसमें उनके निजी चिकित्सक और उनकी बहन उज्मा खान भी शामिल होंगी। यह फैसला अदियाला जेल अधीक्षक के इमरान खान (अगस्त 2023 से अदियाला जेल में बंद हैं) की सेहत को लेकर दाखिल रिपोर्ट के बाद सुनाया गया। यह मंडेला नियमों के खिलाफ है।

# खेल समाचार

## हॉकी वर्ल्ड कप: साउथ अफ्रीका को 6-1 से रौंदकर भारतीय महिला टीम ने दर्ज की पहली जीत




एमस्टेलवीन (नीदरलैंड्स)। एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने साउथ अफ्रीका पर 6-1 से शानदार जीत हासिल करते हुए 'पूल-डी' में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। यह मुकाबला मंगलवार को एमस्टेलवीन के वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेला गया। इस शानदार जीत के साथ भारत टूर्नामेंट में अजेय बना हुआ है। इससे पहले भारत ने 2024 ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट चीन के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था, जिससे दो मैचों में उनके चार अंक हो गए हैं और गोल अंतर के आधार पर भारत अभी पूल में सबसे आगे है। भारत 20 अगस्त को इंग्लैंड के खिलाफ अपना अभियान खत्म करेगा। अपने पहले मैच में चीन के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलने के बाद भारतीय महिला टीम इस मुकाबले में तीनों अंक हासिल करने के इरादे से उतरी थी। भारत ने शुरुआती मिनटों से ही अपने आक्रामक इरादे स्पष्ट कर दिए। भारत ने सातवें मिनट में अपना पहला पेनाल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। बाईं ओर से बलजीत कौर के खेल के दौरान सर्कल के अंदर गेंद पैर से लग गई। दीपिका ने सेट पीस लेने की कोशिश की, लेकिन वैन टोंडर ने भारतीय ड्रैग-फ्लिक को रोक दिया। लगातार दबाव का नतीजा आखिरकार 11वें मिनट में देखने को मिला। भारत ने साउथ अफ्रीकी सर्कल के आसपास धैर्यपूर्वक गेंद को घुमाया और फिर साक्षी राणा के शॉट ने दूर वाले पोस्ट की ओर रास्ता बनाया, जहां सुनेलिता टोप्पो ने गोल करते हुए भारत का खाता खोला। मुकाबले के 15वें मिनट में इशिका चौधरी को 'ग्रीन कार्ड' मिलने के बाद भारत को कुछ समय के लिए 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, लेकिन भारत ने अपना संयम बनाए रखा। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में, सविता ने भारत के लिए गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली और टीम ने आगे बढ़ना जारी रखा। भारत ने 17वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर के एक बेहतरीन मूव से अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। नवनीत कौर ने एंगल बदला और फिर एक जोरदार 'स्लैप हिट' लगाई, जो बैकबोर्ड से टकराकर गोल में बदल गई और स्कोर 2-0 हो गया।

भारत ने 25वें मिनट में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। दीपिका के ड्रैग-फ्लिक ने पहले रशर से डिफ्लेक्ट होकर सुशीला चानू के पास सही जगह पर गिरीं; उन्होंने निर्णायक टच के साथ भारत को 3-0 से आगे कर दिया। साउथ अफ्रीका मैच में वापसी की कोशिश करता रहा, लेकिन शुरुआती 30 मिनटों में अपना दबदबा दिखाते हुए भारत ने हाफ-टाइम ब्रेक तक स्कोर 3-0 से अपने पक्ष में रखा। 38वें मिनट में, भारत ने एक शानदार अटैकिंग मूव के जरिए चौथा गोल दागा। नवनीत ने बाईं ओर बलजीत के साथ पास का आदान-प्रदान किया और फिर बॉल दीपिका की ओर बढ़ाई। उन्होंने बैकहैंड से बॉल को कंट्रोल करते हुए एक जोरदार 'टोमाहॉक' शॉट लगाकर बॉल को गोल के निचले कोने में पहुंचाया, जिससे गोलकीपर के पास कोई मौका नहीं बचा। तीसरा क्वार्टर भारत के दबदबे वाला रहा, क्योंकि उन्होंने तेजी और मकसद के साथ अटैक करना जारी रखा। दो मिनट के अंदर दो गोल ने मैच पर भारत की पकड़ और मजबूत कर दी। 44वें मिनट में, लालरेम्सियामी को सर्कल के अंदर नेहा से एक एरियल बॉल मिली; उन्होंने रिवर्स स्टिक का इस्तेमाल किया और दूर वाले पोस्ट की ओर शॉट मारा। यह शॉट गोलकीपर को छकाते हुए गोल में चला गया और स्कोर 5-0 हो गया।

## जब गोल्ड जीतने पर राष्ट्रगान बजा, वह पल शानदार था, एरोबिक जिम्नास्टिक्स में इतिहास रचने के बाद अरिहा ने साझा किए अनुभव



भारतीय एयरोबिक जिम्नास्ट अरिहा पंगमबम ने कुछ हफ्तों पहले एशियन एयरोबिक जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप में ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीता था, जिसके साथ वह एशियन चैंपियनशिप में सीनियर महिला व्यक्तिगत श्रेणी में गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। फिलीपींस में हुए फाइनल में उन्होंने 19.100 अंक हासिल किए, जिसमें आर्टिस्ट्री (कलात्मकता) में 8.650, एग्जीक्यूशन (प्रदर्शन) में 7.600 और डिफिकल्टी (कठिनाई) में 2.850 अंक शामिल थे। इस उपलब्धि के बाद अरिहा ने कहा, जब मुझे यह गोल्ड मेडल मिला, तो वह पल बहुत शानदार था। मैं इसे शब्दों में बयां भी नहीं कर सकती। जब मैंने पोडियम पर अपने देश का राष्ट्रगान बजते हुए सुना, तो उस पल मुझे गर्व भी महसूस हुआ क्योंकि मैं कुछ हासिल कर पाई थी, सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे भारत के लिए। वह बहुत शानदार अनुभव था और मैं उस समय बहुत खुश थी। 22 वर्षीय जिम्नास्ट ने कहा, हम डबल फ्लेक्स फ्लोर, यानी लकड़ी का फ्लोर इस्तेमाल करते हैं। भारत में उत्तराखंड में एक फ्लोर है जो हमें नेशनल गेम्स के दौरान मिला था, लेकिन दुर्भाग्य से, न सिर्फ मैं, बल्कि पूरे भारत के ज्यादातर जिम्नास्ट उस पर ट्रेनिंग भी नहीं कर पाए। हम आमतौर पर रबड़ इंटरलॉकिंग मैट पर ट्रेनिंग करते हैं, इसलिए सिर्फ एक दिन में तालमेल बिठाना हमारे लिए बहुत मुश्किल होता है। प्रतियोगिता से पहले हमें खुद को ढालने के लिए एक दिन की पोडियम ट्रेनिंग दी जाती है, इसलिए हममें से ज्यादातर जिम्नास्ट को मुश्किल होती है, क्योंकि हमें उस फ्लोर पर कभी ठीक से ट्रेनिंग करने का मौका नहीं मिला। यही वह मुश्किल थी जिसका हमने सामना किया। उन्होंने कहा, मुझे खुद पर बहुत गर्व था, और यह बहुत शानदार था क्योंकि हमने कभी अपना राष्ट्रगान बजते हुए नहीं सुना था। हम बस दूसरे देशों का राष्ट्रगान बजते हुए सुनते थे, और मैं सोचती थी कि पोडियम पर हमारा राष्ट्रगान कब सुनाई देगा? तो जब इस साल मुझे मेडल मिला और हमारा राष्ट्रगान बजा, तो वह वाकई बहुत शानदार अनुभव था। मैं इसे शब्दों में बयां भी नहीं कर सकती। यह न सिर्फ मेरे लिए, बल्कि हमारी पूरी टीम के लिए एक बहुत बड़ा पल था।

## जो रूट रचेंगे इतिहास? सचिन तेंदुलकर और रिकी पोंटिंग के वर्ल्ड रिकॉर्ड पर मंडराया खतरा

इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच 19 अगस्त से टेस्ट सीरीज का आगाज होने जा रहा है। सीरीज का पहला मुकाबला लीड्स के हेडिंग्ले में खेला जाएगा, जिसमें जो रूट इंग्लिश टीम की कमान संभालते नजर आएंगे। जो रूट को दूसरी बार टेस्ट टीम की कमान मिली है। ऐसे में उनकी नजरें टीम को जीत दिलाने के साथ-साथ कई बड़े रिकॉर्ड्र्स अपने नाम करने पर होंगी। इनमें सचिन तेंदुलकर और रिकी पोंटिंग के 2 बड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड भी शामिल हैं। दरअसल, 35 साल के रूट ने दिसंबर 2012 में भारत के खिलाफ नागपुर टेस्ट से इंटरनेशनल करियर की शुरुआत की थी। अब तक 167 टेस्ट मैचों में उनके नाम 67 अर्धशतक हैं। अगर वह पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट की दोनों पारियों में अर्धशतक लगा देते हैं, तो टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ देंगे। सचिन ने 200 टेस्ट मैचों के करियर में 68 अर्धशतक लगाए थे। रूट फिलहाल उनसे सिर्फ एक अर्धशतक पीछे हैं। टेस्ट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वालों की सूची में सचिन और रूट के बाद शिवनारायण चंद्रपॉल, राहुल द्रविड़, एलन बॉर्डर और रिकी पोंटिंग क्रमशः तीसरे, चौथे, 5वें और छठे पायदान पर हैं। यही नहीं, जो रूट इंटरनेशनल क्रिकेट में 23 हजार रन बनाने के भी बेहद करीब हैं।

## राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 की घोषणा: तेजस्विन शंकर और दिव्या देशमुख सहित 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार



युवा मामले और खेल मंत्रालय ने मंगलवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 की घोषणा की। अलग-अलग क्षेत्र के 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है। वहीं, 3 प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। भारत के उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति (सेवानिवृत) अरुण कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर, सरकार ने अलग-अलग श्रेणी में खिलाड़ियों, कोच और संस्थाओं को अवॉर्ड देने का फैसला किया है। अर्जुन पुरस्कार 2025 के लिए तेजस्विन शंकर (एथलेटिक्स), मुहम्मद अजमल वी (एथलेटिक्स), प्रियंका गोस्वामी (एथलेटिक्स), ट्रीसा जॉली (बैडमिंटन), पुलेला गायत्री गोपीचंद (बैडमिंटन), नरेंद्र (बॉक्सिंग), विदित संतोष गुजराती (शतरंज), दिव्या जितेंद्र देशमुख (शतरंज), धनुष श्रीकांत (डेफ शूटिंग), लालरेमसियामी (हॉकी), राजकुमार पाल (हॉकी), सुरजीत (कबड्डी), पूजा (कबड्डी), रुद्रांश खंडेलवाल (पैरा-शूटिंग), एकता भ्यान (पैरा एथलेटिक्स), अरविंद सिंह (रोइंग), अखिल श्योराण (शूटिंग) का नाम चुना गया है। 'अर्जुन पुरस्कार' खेल के क्षेत्र में पिछले चार वर्षों में अच्छे प्रदर्शन और नेतृत्व, खेल-भावना और अनुशासन की भावना दिखाने वाले एथलीटों को दिया जाता है। राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार 2025, आर्मी पैरालंपिक नोड, पुणे को दिया जाएगा।

## भारतीय महिला टीम ने साउथ अफ्रीका को हॉकी वर्ल्ड कप में 6-1 से चटाई धूल, पूल-डी में पहली पोजीशन पर किया कब्जा




भारतीय महिला हॉकी टीम ने हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में पूल-डी में अपना दूसरा मुकाबला साउथ अफ्रीका की टीम के खिलाफ खेला जिसे वह 6-1 के बड़े अंतर से अपने नाम करने में कामयाब रही हैं। टीम इंडिया ने पूल में अपना पहला मैच चीन की टीम के खिलाफ खेला था जिसको वह 2-2 की बराबरी पर खत्म करने में कामयाब रही थी। ऐसे में उनके लिए यह मैच काफी अहम हो गया था और इसको वह बड़े अंतर से जीतने में कामयाब रही हैं। टीम इंडिया ने इस जीत के साथ ही पूल-डी में 4 अंकों के साथ अब पहली पोजीशन पर पहुंच गई है। टीम इंडिया का इस मैच के चारों क्वार्टर में दबदबा देखने को मिला। सा अब भारत का पूल-डी में अगला मुकाबला 20 अगस्त को इंग्लैंड के खिलाफ होगा। भारत के लिए यह मुकाबला बेहद अहम रहेगा। उथ अफ्रीका महिला हॉकी टीम के खिलाफ भारतीय टीम का पहले क्वार्टर से ही दबदबा देखने को मिला जिसमें खेल 10वें मिनट में सुनेलिता टोप्पो ने गोल करने के साथ टीम इंडिया का खाता खोल दिया। वहीं इसके बाद पहला क्वार्टर खत्म होने पर भारतीय टीम ने 1-0 की बढ़त बनाकर रखी हुई थी। दूसरे क्वार्टर का खेल शुरू होने के साथ भारत ने 16वें मिनट में दूसरा गोल कर दिया जो नवनीत कौर की स्टिक से आया।

## पहला टेस्ट: जीत की दहलीज पर टीम इंडिया, अंतिम दिन सिर्फ 6 विकेट की दरकार



भारतीय टीम गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में जारी पहले टेस्ट मैच में जीत की दहलीज पर है। मुकाबले के चौथे दिन जीत के लिए 372 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम दिन की समाप्ति तक दूसरी पारी में 4 विकेट खोकर 84 रन ही बना सकी है। यहां से भारत को जीत के लिए 6 विकेट की दरकार है, जबकि श्रीलंकाई टीम जीत से 288 रन दूर है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने पहली पारी में 462 रन बनाए। इस पारी में देवदत्त पड्डिकल और केएल राहुल के बीच दूसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी हुई। केएल राहुल 11 बाउंड्री के साथ 82 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पड्डिकल ने 16 बाउंड्री के साथ 167 रन की पारी खेली। इनके अलावा, ध्रुव जुरेल 51 रन बनाकर आउट हुए। मेजबान टीम से प्रभात जयसूर्या ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि केशरा नुवानथा ने 3 विकेट निकाले। असिथा फर्नांडों को 2 विकेट हाथ लगे। इसके बाद, श्रीलंकाई टीम पहली पारी में 284 रन पर सिमट गई, जिसके साथ टीम इंडिया ने पहली पारी के आधार पर शानदार लीड बना ली। इस पारी में सोनल दिनुशा ने निरोशन डिकवेला के साथ 146 रन जोड़कर टीम को 284 के स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। सोनल 2 छक्कों और 4 चौकों के साथ 100 रन बनाकर आउट हुए, जबकि निरोशन डिकवेला ने 80 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। भारत की तरफ से मानव सुथार ने सर्वाधिक 4 विकेट निकाले, जबकि रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट झटके। मोहम्मद शमी, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव ने 1-1 विकेट अपने नाम किया। मेहमान टीम के पास पहली पारी के आधार पर 178 रन की शानदार बढ़त थी। इसके बाद भारत दूसरी पारी में 193 रन पर सिमट गया और श्रीलंका को जीत के लिए 372 रन का टारगेट मिला। इस पारी में टीम इंडिया की तरफ से ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 66 रन बनाए, जबकि देवदत्त पड्डिकल ने 44 रन की पारी खेली। श्रीलंका के लिए असिथा फर्नांडों ने 4 विकेट निकाले।

## आर्यन-देव की शतकीय साझेदारी, पुरानी दिल्ली ने स्ट्राइकर्स को 20 रन से हराया



दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 के 32वें मैच में पुरानी दिल्ली 6 ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ 20 रन से जीत हासिल की। यह मुकाबला मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया। दिल्ली प्रीमियर लीग 2026 के 9 में से 5 मैच जीतकर पुरानी दिल्ली 6 प्वाइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर है, जबकि नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स 8 में से 4 मुकाबले गंवाकर पांचवें स्थान पर मौजूद है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पुरानी दिल्ली 6 ने निर्धारित 20 ओवर में 211/6 का मजबूत स्कोर बनाया, जिसमें आर्यन गौड़ और देव लाकरा ने अहम भूमिका निभाई। गौड़ और समर्थ सेठ ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई और ओपनिंग विकेट के लिए 48 रन जुटाए। सेठ 13 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुए; उनकी इस पारी में 5 चौके शामिल रहे। इसके बाद गौड़ का साथ देने देव लाकड़ा मैदान पर उतरे और दोनों खिलाड़ियों के बीच दूसरे विकेट के लिए 58 गेंदों में 109 रनों की दमदार साझेदारी हुई। गौड़ ने 42 गेंदों में 75 रन बनाए, जबकि लाकड़ा ने 40 गेंदों में 66 रन की आक्रामक पारी खेली। गौड़ के आउट होने के बाद पारी थोड़ी लड़खड़ाई और जल्द ही लाकड़ा भी आउट हो गए।

## भारत बनाम पाकिस्तान हॉकी वर्ल्ड कप मैच का फैंस के बीच दिखा जुनून

बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में खेले जा रहे हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अपना अगला मुकाबला पूल-डी में पाकिस्तान की टीम के खिलाफ 19 अगस्त को एम्सटेलवीन में खेलना है। इस मुकाबले का जहां दोनों देशों के फैंस का काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं तो वहीं एम्सटेलवीन में फैंस के बीच काफी जोश देखने को मिल रहा है और इसी कारण मैच के सभी 10 हजार टिकट बिक चुके हैं। भारत और पाकिस्तान काफी लंबे अंतराल के बाद हॉकी वर्ल्ड कप में एक-दूसरे का आमना-सामना करेंगे और दोनों टीमों के बीच में ये मुकाबला एम्सटेलवीन के वेगनेर स्टेडियम में खेला जाएगा जो पूरी तरह से हाउसफुल रहेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच में हॉकी वर्ल्ड कप 2026 मुकाबले को लेकर समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार नीदरलैंड में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों में इस मैच को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। रॉयल डच हॉकी संघ की अधिकारी तमारा बोउवमन्स ने इस मैच की टिकट बिक्री को लेकर दिए बयान में बताया कि मैच के टिकट सितंबर 2025 से ऑनलाइन बिक्री के लिए उपलब्ध कराए गए थे। वहीं हॉस्पिटैलिटी टिकट की कीमत 251.34 यूरो रखी गई थी।

## बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप: जीत के साथ उन्नति का डेब्यू, मिक्स्ड डबल्स के पहले राउंड में रोहन-ऋत्विका बाहर




भारतीय शटलर उन्नति हुड्डा ने म्यांमार की थेत हतार थुजार को सीधे गेम में हराकर अपने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में शानदार डेब्यू किया। अगले राउंड में उन्नति का सामना कनाडा की 13वीं सीड मिशेल ली से होगा, जिन्होंने चीनी ताइपे की पी. चिउ को 22-20, 21-12 से हराया। मंगलवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेले गए कड़े मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों के बीच अंकों का उतार-चढ़ाव जारी रहा, लेकिन कोई भी खिलाड़ी मजबूत बढ़त नहीं कर सका। 21 मिनट तक चली जबरदस्त रैलियों के बाद, हुड्डा ने पहला गेम 22-20 से अपने नाम किया। कोर्ट बदलने के तुरंत बाद अपनी लय बदलते हुए, हुड्डा ने आक्रामक खेल दिखाते हुए मैच पर पूरी पकड़ बना ली और 11-1 की बड़ी बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, थुजार ने वापसी करते हुए अंतर को 20-16 तक कम किया, लेकिन भारतीय शटलर ने दबाव में भी संयम बनाए रखा और आखिरी प्वाइंट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। इससे पहले, मिक्स्ड डबल्स में रोहन कपूर/ऋत्विका शिवानी गड्डे की जोड़ी को कनाडा की जोनाथन लाई/क्रिस्टल लाई की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। दिन में बाद में, स्टार शटलर लक्ष्य सेन का सामना ऑस्ट्रिया के कॉलिन्स फिलिमोन से पुरुष सिंगल्स के पहले राउंड के मैच में होगा। वहीं, अशित सूर्या और अमृता प्रमुतेश का मुकाबला तुर्की के एमरे सोनमेज और यासेमेन बेक्तास से होगा। विमेंस डबल्स के दूसरे राउंड में, ट्रीसा जॉली/गायत्री गोपीचंद का सामना अमेरिका की लॉरेन लैम/एलिसन ली से होगा। कविप्रिया सेल्वम/सिमरन सिंघी की जोड़ी का मुकाबला बुल्गारिया की स्टेफनी स्टोएवा/गैब्रिएला स्टोएवा की जोड़ी से होगा। पहले दिन, एशियन चैंपियनशिप के सिल्वर मेडलिस्ट आयुष शेट्टी ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 में सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने दबाव में भी संयम बनाए रखते हुए पहले राउंड में टॉप सीड और डिफेंडिंग चैंपियन शी युकी को हरा दिया।

# क्या पपीते के पत्ते का जूस डेंगू में प्लेटलेट्स बढ़ाता है, डॉक्टर से जानें फायदे, 1 दिन में कितनी मात्रा में पीएं



अगर आपको भी कब्ज की समस्या है, वजन बढ़ा हुआ रहता है या स्किन की कोई समस्या है, तो पपीता आपकी सेहत को फिर से तंदुरुस्त कर सकता है। आम तौर पर पीले फल सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इन फलों में विटामिन C, विटामिन A (बीटा-कैरोटीन), पोटैशियम और शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं, जो शरीर को कई तरह की बीमारियों से बचाते हैं। सिर्फ पपीता ही नहीं पपीते के पत्तों का रस भी फायदेमंद होता है। आइये जानते हैं पपीते के पत्ते के रस के फायदे क्या हैं, इसे खाने का सही तरीका क्या है। साथ ही आयुर्वेदिक डॉक्टर से जानेंगे पपीते के पत्तों का आयुर्वेद में क्या महत्व है। इसका मतलब है कि शरीर में सभी प्रकार के रोग मंद अग्नि से उत्पन्न होते हैं, मंद अग्नि मतलब होता है आपकी कमजोर पाचन शक्ति। जिन्हें अपच की समस्या रहती है, जिससे लिवर और पैंक्रियास भी कमजोर हो सकते हैं। अगर आपका पेट ठीक से साफ नहीं होगा, तो यही आपकी बीमारियों की नींव बन जाएगा। इसलिए अपनी पाचन क्रिया को सुधारना बेहद जरूरी है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की रिपोर्ट में कहा गया है कि पपीता में एल्कलॉइड, ग्लाइकोसाइड, टैनिन, सैपोनिन और फ्लेवोनोइड जैसे एक्टिव कंपाउंड होते हैं जो डेंगू से पीड़ित मरीज के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। कई मेडिकल रिसर्च में भी पाया गया है कि पपीते के पत्ते डेंगू में फायदेमंद होते हैं। पपीते के पत्ते का रस 2 कंपाउंड 1-beta-D-ribofuranosyl-3-ethynyl जिसे टेरिआजोल (ETAR) और 1-beta-Dribofuranosyl-4-ethynyl जिसे इमिडाजोल कहते हैं से भरपूर होता है। ये डेंगू के वायरस को पूरे शरीर में फैलने से रोकते हैं। वहीं डेंगू के मरीज के कम हो रहे प्लेटलेट्स को बढ़ाने में भी मदद करते हैं। इसके लिए आपको 5-6 पपीते के पत्तों को अच्छे से धोकर पीसना है।

आप इसमें थोड़ा बहुत पानी भी डाल सकते हैं। पत्तों के मिश्रण को बारीक कपड़े या छन्नी से छान लें। अब रस में नींबू का रस और चुटकी भर नमक मिलाएं। पौष्टिक और स्वादिष्ट पपीते के पत्तों का रस बनकर तैयार है। स्वामी रामदेव के मुताबिक पपीते के पत्तों का रस पीने से लिवर और आंतों की फंक्शनिंग अच्छी हो जाती है।

# डॉक्टर सलीम जैदी ने बताया कद्दू के बीज खाने से क्या क्या फायदे होते है, जानें इसके हेल्थ बेनिफिट्स



कद्दू के बीज जिन्हें 'पेपिटास' भी कहा जाता है, छोटे भले ही हों लेकिन पोषण के मामले में यह किसी सुपरफूड से कम नहीं हैं। हमारे स्वास्थ्य के लिए इन्हें एक वरदान माना जाता है, क्योंकि इनमें प्रोटीन, फाइबर, स्वस्थ वसा, मैग्नीशियम, जिंक और एंटी-ऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। ऐसे में डॉक्टर सलीम जैदी ने बताया है कि इसके क्या क्या फायदे होते हैं। यहां जान लें कद्दू के बीज के फायदे।

हृदय स्वास्थ्य और ब्लड प्रेशरः कद्दू के बीजों में मैग्नीशियम और ओमेगा-3 फैटी एसिड प्रचुर मात्रा में होते हैं। यह शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने और गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करते हैं। इसके साथ ही ये ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने और दिल के दौरों के जोखिम को घटाने में मददगार है।

प्रोस्टेट के लिएः डॉ. सलीम जैदी विशेष रूप से पुरुषों के लिए इसके सेवन की सलाह देते हैं। इनमें जिंक भरपूर मात्रा में होता है, जो प्रोस्टेट ग्लैंड की सूजन और समस्याओं को रोकने में मदद करता है। इसके अलावा, यह टेस्टोस्टेरोन के लेवल और स्पर्म क्वालिटी में भी सुधार करता है।

बेहतर नींद और तनाव करे दूरः यदि आपको अनिद्रा की समस्या है, तो कद्दू के बीज बहुत फायदेमंद हैं। इनमें ट्रिप्टोफैन नाम का अमीनो एसिड पाया जाता है, जो शरीर में सेरोटोनिन और मेलाटोनिन हार्मोन बनाता है। यह हार्मोन दिमाग को शांत कर गहरी और अच्छी नींद लाने में मदद करते हैं।

इम्युनिटी और पाचन तंत्रः जिंक और विटामिन-ई से भरपूर होने के कारण यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं। इनमें मौजूद डाइट्री फाइबर पाचन क्रिया को सही रखता है और कब्ज की समस्या दूर करता है।

डायबिटीज करे कंट्रोलः कद्दू के बीज इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाते हैं, जिससे ब्लड में शुगर का लेवल नियंत्रित रहता है। टाइप-2 डायबिटीज के मरीजों के लिए यह बेहद फायदेमंद माना जाता है।

हड्डियों के लिएः कैल्शियम और मैग्नीशियम का अच्छा स्रोत होने के कारण यह हड्डियों के घनत्व को बढ़ाते हैं। इनमें मौजूद कुकुर्बिटासिन नाम का अमीनो एसिड बालों के झड़ने की समस्या को रोकता है।

डॉ. सलीम जैदी के अनुसार, रोजाना 1 से 2 चम्मच कद्दू के बीजों का सेवन पर्याप्त है। इन्हें रातभर पानी में भिगोकर सुबह खाया जा सकता है, या फिर हल्का भूनकर स्नैक्स, सलाद, स्मूदी और सूप में मिलाकर भी लिया जा सकता है।

# दिन में खा लें ये हरे रंग का फल, सुबह मिनटों में साफ हो जाएगा पेट

गलत खानपान के कारण कब्ज की समस्या बढ़ जाती है। सर्दियों में गर्म चीजों का सेवन ज्यादा करने और कम पानी पीने का कारण कब्ज, गैस, एसिडिटी और बदहजमी से लोग परेशान रहते हैं। कई बार घंटो पॉट पर बैठे रहने के बाद भी पेट ठीक से साफ नहीं होता। अगर आपको भी ऐसी ही समस्या रहती है। कब्ज या बवासीर के मरीज हैं तो डाइट में इस एक फल को जरूर शामिल करें। इसे दिन में 1 बार खाने से ही अगर दिन आपको पेट एकदम साफ हो जाएगा। फाइबर से भरपू ये फल सेहत के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है। जानिए कब्ज से राहत पाने के लिए कौन से फल का सेवन करना चाहिए? पुरानी से पुरानी कब्ज को दूर करने का दम इस फल में है। सर्दियों में आने वाले हरे और हल्के पीले रंग के अमरूद कब्ज और बवासीर में फायदेमंद फल माना जाता है। अमरूद खाने से सुबह मिनटों में पेट साफ हो जाता है। अमरूद को पेट और पाचन के लिए बहुत ही अच्छा फल माना गया है। अगर आप रोजाना 1 अमरूद दिन में खाते हैं तो कब्ज की समस्या हमेशा दूर रहेगी। फाइबर से भरपूर अमरूद बवासीर में सबसे असरदार फल माना गया है। दिन में किसी भी वक्त एक पका अमरूद जरूर खाएं। आप अमरूद को हल्का काला नमक लगाकर भी खा सकते हैं। इससे अमरूद का स्वाद काफी बढ़ जाता है। अमरूद को पाचक माना जाता है। इसलिए जिनका पेट साफ नहीं होता उन्हें अमरूद जरूर खाना चाहिए। हल्का पका अमरूद खाने से ज्यादा लाभ होगा। कहा जाता है कि अमरूद में सेब से भी ज्यादा गुण पाए जाते हैं। सर्दियों में अमरूद सबसे गुणकारी फल माना जाता है। अमरूद में भरपूर विटामिन सी पाया जाता है जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। आयरन की कमी होने पर अमरूद का सेवन करना चाहिए।

# डॉक्टर ने बताया Health Supplements लेने का सही तरीका, जानें कब-कैसे और किसके साथ लेना चाहिए?



उम्र बढ़ने के बाद शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है। ऐसे में डॉक्टर सप्लीमेंट्स लेने की सलाह देते हैं। लेकिन, कई बार कम जानकारी के अभाव में लोग गलत तरीके से सप्लीमेंट्स लेने लगते हैं जो फायदे की जगह शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है। ऐसे में डॉ. जुश्या भाटिया बता रही हैं कि सप्लीमेंट्स कब, कैसे और किसके साथ लेने चाहिए, ताकि सही फायदा मिल सके।

आयरन और विटामिन सी एक साथ लेंः आयरन को विटामिन सी के साथ खाली पेट लेना अच्छा माना जाता है। क्योंकि इससे शरीर में आयरन का अब्सॉर्प्शन अच्छी तरह से होता है।

कैल्शियमः कैल्शियम सप्लीमेंट्स को आप रात के समय लें। इसे रात में लेने से नींद अच्छी आती है और मसल्स रिलैक्स होते हैं। इसे कभी भी आयरन के साथ न लें क्योंकि यह दोनों एक दूसरे के अब्सॉर्प्शन को रोकते हैं।

विटामिन बी 12ः विटामिन बी 12 सप्लीमेंट्स को आप हमेशा दिन में लें ताकि अच्छी एनर्जी मिले। यह खाने को ऊर्जा में बदलने में मदद करता है, जिससे दिनभर शरीर में फुर्ती बनी रहती है। इसे रात में लेना अवॉयड करें क्योंकि यह नींद को खराब कर सकता है।

कोलेजन : कोलेजन सप्लीमेंट्स को हमेशा आप खाली पेट लें या पोस्ट वर्कआउट के बाद लें। इसे खाली पेट लेने से अब्सॉर्प्शन बेहतर होता है और वर्कआउट के बाद लेने से मसल्स और जोड़ों की रिकवरी में मदद मिलती है।

ग्लूटाथिओनः ग्लूटाथिओन सप्लीमेंट्स को आप, सुबह खाली पेट में लें। इसे हमेशा नाश्ते से आधे घंटे पहले लें ताकि अब्सॉर्प्शन अच्छी तरह से हो।

मैग्नीशियम : मैग्नीशियम को रात में लेने से नींद की क्वालिटी बेहतर होती है और मांशपेशियां रिलैक्स होती हैं। यह नसों को शांत करता है, कॉर्टिसोल को कंट्रोल करता है और नींद के हार्मोन को नियंत्रित करने में मदद करता है।

ओमेगा थ्री फिश ऑयलः ओमेगा थ्री फिश ऑयल सप्लीमेंट्स को लंच के तुरंत बाद लेना एक बेहतरीन विकल्प है। ऐसा करने से यह खाद्य पदार्थों के साथ बेहतर ढंग से घुल जाता है, जिससे मछली जैसी गंध वाली डकार की समस्या नहीं होती है।

# सोशल मीडिया का असर, छात्रों में हार्मोन बिगाड़ने वाले प्रोडक्ट का बढ़ा उपयोग

सोशल मीडिया आज सिर्फ मनोरंजन या दोस्तों से जुड़े रहने का जरिया नहीं रह गया है। खासकर किशोरों की रोजमर्रा की दिनचर्या का एक अहम हिस्सा बन गया है। अब एक नई रिसर्च ने सोशल मीडिया के एक और पहलू पर ध्यान खींचा है। अमेरिका में हुई इस स्टडी के मुताबिक, जो हाई स्कूल के छात्र सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताते हैं और ब्यूटी, हेयर केयर या मेकअप से जुड़ा कंटेंट ज्यादा देखते हैं, वे पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स का भी ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। चिंता की बात यह है कि इनमें से कुछ प्रोडक्ट्स में ऐसे केमिकल हो सकते हैं जो शरीर के हार्मोन सिस्टम को प्रभावित कर सकते हैं। यह रिसर्च अमेरिका के रटगर्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने की है और इसे 'जर्नल ऑफ एक्सपोजर साइंस एंड एनवायर्नमेंटल एपिडेमियोलॉजी' में प्रकाशित किया गया है। अध्ययन में न्यू जर्सी के प्रिंसटन हाई स्कूल के 143 छात्रों को शामिल किया गया। छात्रों से पूछा गया कि उन्होंने पिछले 24 घंटे में साबुन, शैंपू, डियोड्रेंट, परफ्यूम, सनस्क्रीन, स्किन केयर और मेकअप जैसे कितने पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स इस्तेमाल किए। रिसर्च में सामने आया कि सोशल मीडिया और ब्यूटी कंटेंट का इस्तेमाल जितना ज्यादा था, प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल भी उतना ही ज्यादा था। जिन छात्रों ने ऐसे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को फॉलो किया था जिनकी अपनी प्रोडक्ट लाइन थी, उन्होंने पिछले 24 घंटे में औसतन 30 फीसदी ज्यादा प्रोडक्ट्स इस्तेमाल किए। वहीं, जो छात्र हेयर या ब्यूटी ट्यूटोरियल देखते थे, उनके बीच प्रोडक्ट इस्तेमाल करीब 40 फीसदी ज्यादा पाया गया।

# यूरिक एसिड से लेकर हाई कोलेस्ट्रॉल में कच्चे लहसुन का सेवन है बेहद फायदेमंद

दाल-सब्जी में लहसुन का तड़का स्वाद को कई गुना बढ़ाता है ये तो हम सब जानते हैं लेकिन आयुर्वेद में भी इस सब्जी का अहम स्थान है, कच्चे लहसुन का सेवन सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है। इसमें एलिसिन नामक एंजाइम पाया जाता है जिसमें एंटी इन्फ्लामेट्री और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन सी, ए और बी, के साथ मैग्नीशियम, कैल्शियम, जिंक, सेलेनियम पाया जाता है। अगर आप यूरिक एसिड या बैड कोलेस्ट्रॉल के मरीज हैं तो यह इन गंभीर समस्याओं को भी कंट्रोल करने में बेहद फायदेमंद है। चलिए जानते हैं यूरिक एसिड और हाई कोलेस्ट्रॉल में लहसुन के सेवन कैसे फायदेमंद है साथ ही इसे कब और कितना खाना चाहिए? कच्चा लहसुन एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्रॉल को कम कर एचडीएल यानी गुड कोलेस्ट्रॉल को शरीर में बढ़ाता है। जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में प्रकाशित स्टडी के अनुसार लहसुन धामनानियों से बैड कोलेस्ट्रॉल को छानकर यूरिन के ज़रिए बाहर निकालता है। साथ ही इसमें मौजूद सल्फर कम्पाउंड ब्लड सर्कुलेशन बेहतर करते हैं और हृदय रोगों के जोखिम को कम करते हैं। रोजाना लहसुन खाने से यूरिक एसिड कंट्रोल होता है।

# ऑस्टियोपोरोसिस में हड्डियां हो जाती हैं खोखली, Bone Density को बढ़ाने में यह ड्राईफ्रूट है अमृत समान

ऑस्टियोपोरोसिस (Osteoporosis) में हड्डियां अंदर से कमजोर हो जाती हैं और टूटने लगती है। इस बीमारी की शुरुआत तब होती है जब बोन डेंसिटी यानी हड्डियों का घनत्व कम होने लगता है। इसमें, शरीर हड्डी के ऊतकों को पुनः अवशोषित करता है और इसे बदलने के लिए कम उत्पादन करता है। ऐसी स्थिति में आपके लिए काजू का सेवन लाभकारी हो सकता है। काजू में ऐसी कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो इहड्डियों को अंदर से सेहतमंद रखने में मदद करते हैं। ये न सिर्फ हड्डियों का घनत्व बढ़ाते हैं बल्कि, ये कई चीजों को और बढ़ावा देते हैं जो कि हड्डियों के कामकाज को बेहतर बनाए रखने के लिए जरूरी है। तो, आइए जानते हैं ऑस्टियोपोरोसिस में काजू खाने के फायदे।

कॉपर से भरपूरः ऑस्टियोपोरोसिस में काजू खाने के फायदे कई हैं। सबसे पहले तो ये कॉपर से भरपूर है जो कि बोन मिनरल डेंसिटी बढ़ाने के लिए जरूरी है। कॉपर हमारे शरीर के प्रमुख संरचनात्मक घटकों कोलेजन और इलास्टिन के रखरखाव में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दरअसल,जब शरीर में कॉपर की कमी होती है हड्डियों के टिशूज बहुत जल्दी खराब होते हैं। इससे कई प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं, जैसे जोड़ों का काम न करना। ऐसे में इसकी कमी से ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करने में मदद मिलती है और इस बीमारी से बचाव होता है।

कैल्शियम और मैंगनीज से भरपूरः कैल्शियम और मैंगनीज से भरपूर काजू हड्डियों के लिए फायदेमंद है। ऑस्टियोपोरोसिस में आपको काजू वाला दूध पीना चाहिए।

# कच्ची हल्दी में होता है ये खास तत्व, सीधे बढ़े हुए यूरिक एसिड पर करता है वार

सर्दियों में कच्ची हल्दी भी बाजार में खूब बिकती है। दिखने में एकदम अदरक जैसी और रंग में पीली ये अदरक नहीं बल्कि कच्ची हल्दी की गांठें होती हैं। इन्हीं को सुखाकर पीसकर हल्दी पाउडर बनाया जाता है। कच्ची हल्दी को सूखी हल्दी से कहीं ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। आपको कच्ची हल्दी को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। खासतौर से जो लोग जोड़ों के दर्द, गठिया या फिर हाई यूरिस एसिड की समस्या से परेशान रहते हैं उन्हें कच्ची हल्दी का सेवन जरूर करना चाहिए। हल्दी का इस्तेमाव करके खून में बढ़े हुए यूरिक एसिड के स्तर को कम किया जा सकता है। कच्ची हल्दी हाई यूरिक एसिड के कारण होने वाले दर्द में भी राहत पहुंचाती है। जानिए कच्ची हल्दी कैसे इस्तेमाल करें? कच्ची हल्दी करक्यूमिन नामक एक खास तत्व पाया जाता है, जो यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसके अलावा हल्दी में एंटी-इंफ़्लेमेटरी और एंटीबायोटिक गुण भी पाए जाते हैं। जो जोड़ों के दर्द को दूर कर सूजन में राहत देता है। हल्दी का इस्तेमाल करने से जोड़ों के दर्द में राहत मिलती है। इसके उपयोग से अर्थराइटिस और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी गंभीर बीमारियों का जोखिम कम किया जा सकता है।

# तनाव से राहत से लेकर एकाग्रता बढ़ाने तक, जानें रोज मेडिटेशन करने के फायदे



आजकल की तेज रफ्तार जिंदगी में लोगों के पास खुद के लिए समय काफी कम होता जा रहा है। काम का दबाव, घर की जिम्मेदारियां, भविष्य की चिंता और लगातार भागती दिनचर्या का असर मन पर भी पड़ता है। कई बार बिना किसी खास वजह के बेचैनी महसूस होने लगती है, छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आता है या किसी काम में मन लगाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में कुछ मिनट खुद के लिए निकालना काफी मददगार हो सकता है। इसी को देखते हुए आयुष मंत्रालय ने लोगों को ध्यान (मेडिटेशन) को अपनी रोज की दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी है। आयुष मंत्रालय ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की। इसमें बताया गया है कि मेडिटेशन मन को शांत रखने और एकाग्रता बढ़ाने का आसान तरीका है। मंत्रालय के मुताबिक, रोज कुछ समय मेडिटेशन करने से मन को शांति मिलती है, सोच को स्थिर रखने में मदद मिलती है और व्यक्ति अपने आसपास और अपने विचारों के प्रति ज्यादा सजग रहता है। इसके नियमित अभ्यास से धीरे-धीरे मन को एक जगह टिकाने की क्षमता बेहतर होती है। मेडिटेशन का सबसे पहला फायदा मन को शांत रखने में मिलता है। जब हम दिनभर काम करते हैं तो दिमाग में एक साथ कई बातें चलती रहती हैं। जिससे मेडिटेशन करने के बाद मन हल्का और शांत महसूस होता है।

# उष्ट्रासनः रीढ़ को लचीला बनाए, पेट की चर्बी घटाए और आंखों की रोशनी बढ़ाए

योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मन और आत्मा को जोड़ने की एक प्राचीन कला है। योग की इन्हीं परंपराओं में से एक सरल लेकिन बहुत प्रभावी आसन उष्ट्रासन है, जिसके अभ्यास से कई शारीरिक समस्याओं, एकाग्रता और मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। 'उष्ट्र' एक संस्कृत भाषा का शब्द है और इसका अर्थ 'ऊंट' होता है। उष्ट्रासन को अंग्रेजी में 'केमिल पोज' कहा जाता है। उष्ट्रासन एक मध्यवर्ती पीछे झुकने वाला योग आसन है जो अनाहत (हृदय चक्र) को खोलता है। इस आसन से शरीर में लचीलापन आता है, शरीर को ताकत मिलती है तथा पाचन शक्ति बढ़ जाती है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने ऊष्ट्रासन को एक ऐसा योगासन बताया है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर है। यह योगासन आंखों की रोशनी बढ़ाने, पीठ और गर्दन के दर्द से राहत देने के साथ-साथ पेट की चर्बी कम करने और पाचन तंत्र को मजबूत करने में मददगार है। ऊष्ट्रासन रीढ़ को लचीला बनाता है और हृदय-श्वसन स्वास्थ्य को बेहतर करता है। मंत्रालय ऊष्ट्रासन के अभ्यास का सही तरीका भी बताता है। इसके लिए सबसे पहले वज्रासन की मुद्रा में बैठें या घुटनों पर खड़े हों, पैरों को कूल्हों की चौड़ाई के बराबर रखें। धीरे-धीरे पीछे की ओर झुकें और अपने हाथों से एड़ियों को पकड़ें। सिर को पीछे की ओर झुकाएं और छाती को ऊपर की ओर लाएं। इस स्थिति में 20-30 सेकंड तक रहें और सामान्य रूप से सांस लेते रहें। इसके बाद धीरे-धीरे शुरुआती स्थिति में वापस आएं और विश्राम करें। इसके अभ्यास से शरीर में ऊर्जा और लचीलापन आता है। हालांकि, इसे सही तरीके से और सावधानी के साथ करना जरूरी है। जिन्हें गंभीर पीठ दर्द, हर्निया, हाई या लो ब्लड प्रेशर की समस्या है या हाल में सर्जरी हुई हो, उन्हें यह आसन डॉक्टर की सलाह के बिना नहीं करना चाहिए। इसे खाली पेट करें और अधिक खिंचाव से बचें। शुरुआती लोगों को योग प्रशिक्षक की देखरेख में अभ्यास शुरू करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को यह आसन नहीं करना चाहिए। उष्ट्रासन का नियमित अभ्यास शरीर के आगे के हिस्से, कंधों और छाती में खिंचाव पैदा करता है, जिससे शरीर की मुद्रा और लचीलेपन में सुधार करने में मदद मिल सकती है। पीछे की ओर झुकने के कारण रीढ़ की मांसपेशियों पर भी काम होता है। लंबे समय तक बैठकर काम करने वाले लोगों के लिए यह आसन शरीर में जकड़न कम करने वाले अभ्यासों का हिस्सा बन सकता है। नियमित योग अभ्यास तनाव और मानसिक थकान को प्रबंधित करने में भी सहायक हो सकता है।



## यूपी, बिहार, झारखंड सहित 16 राज्यों में झमाझम बारिश का अलर्ट

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने चेतावनी दी है कि बुधवार, 19 अगस्त को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड सहित 16 राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।

IMD ने बुधवार के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट जारी किया है और चेतावनी दी है कि राज्य के दक्षिण-पूर्वी जिलों में कहीं-कहीं 21 सेंटीमीटर से ज्यादा बहुत भारी बारिश हो सकती है। IMD के अनुसार, मॉनसून ट्रफ उत्तरी भारत में फैले कई ऊपरी-हवा वाले साइक्लोनिक सर्कुलेशन के साथ मिल रहा है। तेज बारिश के लिए बना सिस्टम अगले 24 घंटों में झारखंड और बिहार से होते हुए पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा और फिर कमजोर पड़कर एक कम दबाव वाला क्षेत्र में बदल जाएगा। मौसम विभाग ने बताया है कि, बंगाल की खाड़ी में बने विक्षोभ के कारण बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश से लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज भारी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में भी आज कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है। वहीं, उत्तराखंड, पूर्वी मध्य प्रदेश के लिए भी बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## काठमांडू में 10वां झूलन उत्सव आयोजित, भजनों पर झूमे श्याम भक्त

दिल्ली। श्री श्याम परिवार, काठमांडू के तत्वावधान में आयोजित 10वां झूलन उत्सव शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के माहौल में संपन्न हुआ। मारवाड़ी सेवा समिति, काठमांडू में आयोजित इस धार्मिक समारोह में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों एवं मारवाड़ी समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। झूलन उत्सव के दौरान भजन गायक आयुष सोमानी एवं बिनल टिबरेवाल ने बाबा श्याम के एक से बढ़कर एक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। 'हम भूल गए रे हर बात, मगर तेरा प्यार नहीं भूले', 'कीर्तन की है रात, बाबा आज थाने आनो है', 'यो जग सारो भोला न बुलावे है' और 'दरबार हजारों में ऐसा दरबार कहां, परिवार मेरा तेरे हवाले खाटूवाले' सहित अनेक भजनों की प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को श्याममय कर दिया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। पूरा परिसर 'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' और बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा। भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालुओं ने देर तक भजनों का आनंद लिया। उत्सव के दौरान बाबा श्याम का फूलों से विशेष एवं मनमोहक श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दिव्य दर्शन कर सुख-समृद्धि, खुशहाली और परिवार की मंगलकामना की। भक्ति संगीत, झूलन उत्सव और धार्मिक वातावरण के बीच भक्तों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। श्री श्याम परिवार, काठमांडू की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में संयोजक साकेत अग्रवाल एवं अध्यक्ष मुकेश चितलांगिया सहित आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों और सदस्यों ने व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह में संस्थापक अध्यक्ष नंदू सिंगला, साकेत अग्रवाल, नरेश, अखंड, दीपेश जैन, मुकेश, पंकज अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, ललित, शिव शर्मा, विजय सिंगल, राकेश कुमार सहित सैकड़ों मारवाड़ी समाज के श्रद्धालु एवं श्याम भक्त उपस्थित रहे।









## अमेरिका से दो MQ-9B सी गार्डियन ड्रोन लेगा भारत, बढ़ेगी समुद्री निगरानी क्षमता

भारतीय नौसेना के द्वारा समुद्री निगरानी क्षमता बढ़ाने के लिए मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस ने अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स के साथ 1,943 करोड़ रुपये का करार किया है। इसके तहत दो MQ-9B सी गार्डियन ड्रोन 30 महीने के लिए लीज पर लिए जाएंगे। MQ-9B सी गार्डियन ड्रोन की वजह से भारत की हिंद महासागर में निगरानी क्षमता बहुत ज्यादा बढ़ जाएगी इसके अलावा भारत ने पहले भी अमेरिका से लीज पर सी गार्डियन लिए थे। हालांकि अब दो और सी गार्डियन के आने से हिंद महासागर में भारत का दबदबा और अधिक बढ़ जाएगा। रिटायर्ड कैप्टन डीके शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया, "हाल ही में डील साइन अमेरिका के साथ इंडियन नेवी की एक डील साइन हुई है। ये डील गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट डील है। ये जो डील हुई है, इसके तहत दो एयरक्राफ्ट लीज पर लिए जाएंगे। ये दोनों ही एयरक्राफ्ट हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस ड्रोन हैं। ये ऐसे एयरक्राफ्ट हैं, जिन्हें रिमोट की मदद से कंट्रोल किया जाता है।" उन्होंने आगे कहा, "लॉन्ग एंड्योरेंस का मतलब ये कि एयरक्राफ्ट 50 से 60 घंटे तक हवा में रह सकते हैं। इसके साथ ही ये 30 हजार से 50 हजार फीट ऊपर तक जाकर समुद्र की निगरानी रख सकते हैं। इस दौरान समुद्र में कोई भी हरकत हो रही है, उस पर निगरानी रखते हैं।" उन्होंने आगे बताया, "हालांकि ये कोई नई चीज नहीं है। हमने इससे पहले भी 2020 में दो सी गार्डियन MQ-9 अल्फा अमेरिका से लीज पर लिए थे। उसका भी बहुत ही ज्यादा यूज किया गया। इसके अलावा 2024 में एक और डील साइन हुई थी, जिसके तहत 31 सी गार्डियन आ रहे हैं। इसमें 15 नेवी के लिए और 8 आर्मी और 8 एयरफोर्स के लिए होंगे। ये सभी लॉन्ग रेंज ड्रोन्स हैं।" उन्होंने कहा, "आमतौर ड्रोन मीडियम रेंज और लोकल एरिया के लिए होते हैं। लेकिन ये भारतीय महासागर को ध्यान में रखते हुए मंगाए जा रहे हैं, जिसका एरिया काफी ज्यादा है। इसके साथ ही हमारे पास पहले दो सी गार्डियन थे और अब दो और आ जाएंगे। वहीं 2028-29 के बाद हमारे अपने एयरक्राफ्ट आ जाएंगे और हमें लीज पर एयरक्राफ्ट मंगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कई मामलों में हम मैन्ड एयरक्राफ्ट को नहीं भेज पाते हैं, ऐसे में इस तरह के सी गार्डियन बहुत अहमियत रखते हैं। ये एयरक्राफ्ट इंडियन नेवी की क्षमता को बहुत बढ़ाएंगे।" इसके अलावा MQ-9B SeaGuardian की सबसे बड़ी खासियत इसकी लंबी दूरी तक लगातार निगरानी करने की क्षमता है। समुद्री क्षेत्र में लंबे समय तक मौजूद रहकर यह ड्रोन संदिग्ध जहाजों, समुद्री गतिविधियों और रणनीतिक इलाकों पर नजर रखने में मदद कर सकता है। इससे भारतीय नौसेना को समुद्री क्षेत्र की लगातार निगरानी के लिए अतिरिक्त क्षमता मिलेगी। ऐसे में इतने बड़े समुद्री क्षेत्र पर लगातार नजर रखना चुनौतीपूर्ण होता है।

## सोनिया गांधी की आत्मकथा 'Belonging' 10 नवंबर को होगी रिलीज, राजीव गांधी से मुलाकात से लेकर PM पद ठुकराने तक का सफर






नई दिल्ली। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी अपनी आत्मकथा 'Belonging: A Journey of Love' के जरिए अपने निजी जीवन और लंबे राजनीतिक सफर के कई पहलुओं को सामने रखने जा रही हैं। पुस्तक का प्रकाशन 10 नवंबर को प्रस्तावित है। इसमें इटली में उनके बचपन, इंग्लैंड के कैम्ब्रिज में छात्र जीवन, राजीव गांधी से मुलाकात और विवाह के बाद भारत में बिताए वर्षों से लेकर उनके सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन तक का विवरण शामिल है। सोनिया गांधी ने कैम्ब्रिज में पढ़ाई के दौरान वर्ष 1965 में राजीव गांधी से पहली मुलाकात का जिक्र किया है। इसके बाद दोनों के बीच संबंध आगे बढ़े और वर्ष 1968 में उनका विवाह हुआ। भारत आने के बाद भारतीय जीवनशैली को अपनाने, हिंदी सीखने, साड़ी पहनने और भारतीय खान-पान से जुड़ने के अनुभव भी पुस्तक का हिस्सा हैं। संसद की आधिकारिक जीवनी के अनुसार सोनिया गांधी ने 1965 में कैम्ब्रिज में अंग्रेजी भाषा का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम पूरा किया था। आत्मकथा में गांधी परिवार के साथ उनके जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों का भी उल्लेख है। इसमें इंदिरा गांधी से पहली मुलाकात, संजय गांधी की विमान दुर्घटना में मृत्यु, वर्ष 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या और इसके बाद राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने की परिस्थितियों का जिक्र किया गया है।

## DU में फिर छात्र ने प्रोफेसर को मारा थप्पड़, आरोपी निलंबित



दिल्ली विश्वविद्यालय (DU) के लॉ फैकल्टी में 17 अगस्त को पीएचडी इंटरव्यू से जुड़ी रंजिश के चलते एक रिसर्च स्कॉलर ने प्रोफेसर पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद से पूरे कैंपस में भारी हड़कंप मचा हुआ है। यह हमला प्रोफेसर अनुपम झा पर एक छात्र ने उस समय किया, जब वह अपनी क्लास में पढ़ाने जा रहे थे। इस मामले में जो सीसीटीवी फुटेज सामने आई है उसमें साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपी छात्र बिल्डिंग के बाहर प्रोफेसर का इंतजार कर रहा था। जैसे ही प्रोफेसर अनुपम झा वहां पहुंचे तो उसने उन पर हमला शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद प्रॉक्टर के आदेश पर आरोपी छात्र को तुरंत निलंबित कर दिया गया है और उसके खिलाफ पुलिस में FIR भी दर्ज करा दी गई है। डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट (DTF) ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपी छात्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। DTF का कहना है कि इस मामले में केवल निलंबन करना पर्याप्त नहीं है। DTF ने कहा कि शिक्षकों के साथ बदसलूकी और हमले की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। हाल ही में लॉ फैकल्टी के कुछ प्रोफेसरों से भी एक छात्र ने कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया था। संगठन ने बताया कि पिछले साल DUSU की जॉइंट सेक्रेटरी दीपिका झा ने डॉ. भीमराव आंबेडकर कॉलेज में एक प्रोफेसर को थप्पड़ मारा था। संगठन ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कैंपस में शिक्षकों की सुरक्षा के लिए सख्त और प्रभावी व्यवस्था लागू करने की मांग की है। इंडिया टीवी की रिपोर्टर अनामिका गौर की इस मामले में पीड़ित प्रोफेसर अनुपम झा से बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने बताया कि 'कल जब मैं अपनी क्लास में पढ़ाने के लिए जा रहा था तब बिल्डिंग के बाहर रैंप में एक स्टूडेंट खड़ा था, उसने अचानक से मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। उसने मुझे लात घूंसे मारे। मैं उसे जनता तो नहीं हूं और वो न ही मेरी क्लास में पढ़ता है। मगर उसका कहना है की मैंने डेढ़ साल पहले उसके पीएचडी का इंटरव्यू लिया था और उसी समय से उसकी मेरे प्रति नाराजगी थी। मुझे याद नहीं है कि मैंने उससे क्या सवाल पूछा था, जिस वजह से उसने मेरे साथ मारपीट की।' पिछले साल भी एक छात्र ने प्रोफेसर की पिटाई की थी।

## ओडिशा में भीषण बाढ़ से 13 लाख लोग प्रभावित, सरकार ने राहत के लिए 1000 करोड़ रुपये के पैकेज का ऐलान किया

**ओडिशा के कई जिलों में आई भीषण बाढ़ से 13 लाख लोग प्रभावित बताए जा रहे हैं।**





ओडिशा इस समय हाल के सालों की सबसे गंभीर बाढ़ की स्थिति से जूझ रहा है। कई जिलों में लगातार भारी बारिश के कारण गांवों, खेतों और निचले इलाकों में पानी भर गया है। कई जगहों पर सड़क संपर्क टूट गया है और बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। कुछ प्रभावित इलाकों में बारिश को करीब 25 सालों में सबसे भारी बताया गया है। ऐसे में सीएम मोहन चरण माझी के नेतृत्व वाली ओडिशा सरकार ने बाढ़ प्रभावित लोगों की राहत के लिए 1000 करोड़ रुपये के पैकेज का ऐलान किया है। ओडिशा सरकार ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव अभियान तेज कर दिया है। बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और सैकड़ों राहत शिविर बनाए गए हैं। अधिकारियों को संवेदनशील इलाकों में 24 घंटे निगरानी रखने और प्रभावित परिवारों तक भोजन, पानी, दवाइयां और दूसरी जरूरी चीजें पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार के शुरुआती आकलन के अनुसार, बाढ़ से प्रभावित जिलों में करीब 13 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। यह स्थिति 74 ब्लॉक और 1,361 गांवों तक पहुंची है। बाढ़ प्रभावित इलाकों से करीब 3 लाख लोगों को बचाया या सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। राहत और बचाव अभियान के लिए लगभग 45 ओड्राफ टीम, 8 एनडीआरएफ टीम और 59 फायर एंड इमरजेंसी सर्विस टीम तैनात की गई हैं। प्रभावित क्षेत्रों में करीब 550 राहत शिविर खोले गए हैं। सरकार का कहना है कि निचले इलाकों और पानी से घिरे गांवों पर विशेष नजर रखी जा रही है। जाजपुर बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में शामिल है। यहां करीब 77,680 लोगों को बचाया या सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। जिले में प्रभावित लोगों के लिए 203 राहत शिविर बनाए गए हैं। बचाव अभियान में 9 ओड्राफ टीम, 2 एनडीआरएफ टीम और 12 फायर एंड इमरजेंसी सर्विस टीम काम कर रही हैं। अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित और संवेदनशील इलाकों में 24 घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। राहत शिविरों में रह रहे लोगों के लिए भोजन, पीने का पानी, दवाइयां और दूसरी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया जा रहा है। भद्रक जिले में भी बाढ़ का व्यापक असर देखने को मिला है। जिले के 4 ब्लॉक और एक नगरपालिका क्षेत्र के 149 गांव प्रभावित हुए हैं। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, जिले में करीब 2.59 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि लगभग 1.96 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। भद्रक में करीब 90 राहत शिविर खोले गए हैं। बचाव अभियान को मजबूत करने के लिए 15 ओड्राफ टीम तैनात की गई हैं। तिहिड़ी ब्लॉक के श्यामसुंदरपुर और ईश्वरपुर जैसे बाढ़ प्रभावित गांवों का अधिकारियों और बचाव दलों ने दौरा किया है। राहत कार्यों की स्थिति का जायजा लेने के साथ-साथ संवेदनशील सरकारी इमारतों और स्कूलों की भी जांच की जा रही है। भद्रक जिले में प्रशासन की टीम ने एक युवक को बचाया है जो कि 5 दिन पहले भीषण बाढ़ में बहकर लापता हो गया था। इसके अलावा जगतसिंहपुर और पुरी में भी लगातार बारिश और बाढ़ की स्थिति का असर देखा जा रहा है।

## NCB ने किया विदेशी नागरिकों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़



नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानी NCB ने विदेशी नागरिकों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। NCB ने इस मामले में 14.787 किलो एम्फेटामाइन, 67.840 किलो स्यूडोएफेड्रिन, 318 ग्राम कोकीन और 6 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बरामद ड्रग्स की कुल कीमत करीब 15 करोड़ रुपये आंकी गई है। जानकारी के अनुसार, UP STF की खुफिया जानकारी पर NCB और UP STF ने 18 जुलाई 2026 को दिल्ली के राजू पार्क, खानपुर में ज्वाइंट ऑपरेशन किया। ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत 5.087 किलो एम्फेटामाइन बरामद हुआ और नाइजीरियाई नागरिक ओबासे प्रोस्पर ओगबोरोन्जोर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी जून 2023 में मेडिकल वीजा खत्म होने के बाद भी भारत में अवैध रूप से रह रहा था। आरोपी करीब 68 लाख रुपये के साइबर फ्रॉड केस में UP STF का वांछित आरोपी था। इसके बाद 21 जुलाई को गुरुग्राम के हंस एन्क्लेव में छापेमारी की गई। यहां से 9.7 किलो एम्फेटामाइन और 67.84 किलो स्यूडोएफेड्रिन बरामद हुआ और नाइजीरियाई नागरिक अबुची जॉर्ज ओकोरी गिरफ्तार हुआ। अबुची का मेडिकल अटेंडेंट वीजा जून 2015 में समाप्त हो गया था, इसके बाद भी वह भारत में अवैध रूप से रह रहा था।

## बांद्रा रेलवे स्टेशन पर 10 किलो से अधिक चरस के साथ पकड़ा गया शख्स, कीमत 10 करोड़ रुपये से भी ज्यादा




मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल (ANC) ने ड्रग्स तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बांद्रा रेलवे स्टेशन से एक आरोपी को 10 किलो 10 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10.10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। एंटी नारकोटिक्स सेल की DCP पूर्णिमा चौगुले श्रृंगी के मुताबिक, वर्ली ANC को सूचना मिली थी कि बिहार का रहने वाला एक व्यक्ति ट्रेन के जरिए ड्रग्स की खेप लेकर मुंबई पहुंचने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बांद्रा रेलवे स्टेशन पर निगरानी बढ़ाई। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की उम्र 31 साल है और वह ऑटो ड्राइवर है। आरोपी बिहार के मोतिहारी स्टेशन से ट्रेन में सवार हुआ था और बांद्रा पहुंचा। पुलिस से बचने और भीड़ में आसानी से घुलने-मिलने के लिए उसने ट्रेन के जनरल डिब्बे में सफर किया। बांद्रा स्टेशन पर पहुंचते ही पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके बैग की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बैग से 10 किलो 10 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन भी मिला है। जांच में सामने आया है कि आरोपी ड्रग्स कैरियर के तौर पर काम कर रहा था। उसका काम ड्रग्स की खेप मुंबई लाकर किसी दूसरे व्यक्ति को सौंपना और फिर वापस लौट जाना था। अब एंटी नारकोटिक्स सेल यह पता लगाने में जुटी है कि चरस की यह खेप कहां से आई थी। सरकार ने स्कूल स्तर पर भी नशे के खिलाफ अभियान तेज करने का फैसला किया है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415